दैनिक
# लोकप्रदेश

RNI NO. MPHIN/2016/69135

वर्ष-9 | अंक-145 | प्रातः कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, मंगलवार 10 जून 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-2 रुपये

### सीएम मोहन यादव का मंच पर बिगड़ा बैलेंस, नरसिंहपुर में सीएम ने कहा-

# दुश्मनों को पकड़ने के लिए मोदी जी देश को सोने का बाज बना रहे

**नरसिंहपुर.** नरसिंहपुर के गाडरवारा में सीएम डॉ. मोहन यादव कुर्सी पर बैठते वक्त अचानक गिर पड़े। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाल लिया। दरअसल, सीएम मंच पर एक दिव्यांग बच्ची से बात कर रहे थे। बात करते करते ही वह कुर्सी पर बैठने लगे। इस दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और वो गिर पड़े। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा पहुंचे। यहां उन्होंने 80 करोड़ 46 लाख रुपए की 135 परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इससे पहले सीएम ने रोड शो भी किया।



#### मोदी जी सोने का बाज बना रहे

सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- भय बिन होय न प्रीति। भय के बिना दोस्ती नहीं हो सकती। समर्थ होना चाहिए। देश जागरूक होना चाहिए। देश के अंदर असुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंधन होना चाहिए। सोने की चिड़िया तो हजारों साल से देश था, लेकिन सोने की चिड़िया से काम नहीं चलता। अब मोदी जी देश को सोने का बाज बना रहे हैं, दुश्मन को पकड़कर लाने के लिए।

#### लाड़ली बहना चुनावी नहीं, बल्कि स्थायी योजना

सीएम ने लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना चुनावी नहीं बल्कि स्थायी है। आने वाले समय में बहनों को 3000 रुपये तक की राशि दी जाएगी। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि इस रक्षाबंधन पर भी बहनों को विशेष बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गांव-गांव में सरकारी बसें चलाई जाएंगी। गुरु पूर्णिमा और दशहरा भी प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने भी कहा है कि बिना शक्ति के भक्ति अधूरी है। इसलिए हम देश को जागरूक और सामर्थ्यशाली बना रहे हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय भगवान राम का नाम लेने पर दंगे होते थे।

#### कांग्रेस कार्यकर्ता नजरबंद

कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कुछ किसानों को नजरबंद कर दिया। कांग्रेस की युवा नेत्री मोना कौरव ने सालीचौका पुलिस थाना में विरोध किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप सरकार पर लगाया। मूंग खरीदी को लेकर कांग्रेस नेता अभिनव ढ़िमोले और किसान नेता प्रतीक शर्मा सहित कई लोगों को थानों में रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनकल्याण और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

## ठाणे में लोकल से 10 यात्री गिरे, 4 की मौत

**ठाणे।** मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवत: ये यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए। पहले खबर आई थी कि हादसा लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ हुआ है। यह ट्रेन मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह करीब 8.30 बजे रवाना हुई थी और घटनास्थल से हादसे के कुछ वक्त बाद गुजरी थी।

#### रेलवे ने कहा- यात्रियों के बैग उलझ गए थे

मुंब्रा रेलवे हादसे पर सेंट्रल रेलवे के CPRO स्वप्निल धनराज नीला ने बताया, यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ। मरने वालों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कॉन्स्टेबल विक्की मुखियाद के रूप में हुई है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में हुई त्रासदी के बाद मंत्रालय ने मुंबई सबअर्बन एरिया के लिए बनाई जा रही सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक दरवाजा बंद करने की सुविधा देने का फैसला किया है।

## ट्रक में घुसी कार, दो सगी बहनों की मौत

#### भोपाल में पार्टी मनाकर लौट रहे थे; कार सवार 3 लोगों की हालत गंभीर

**भोपाल।** भोपाल में एक सड़क हादसे में 2 सगी बहनों की मौत हो गई। घटना रविवार रात बाग सेवनिया इलाके की है। हादसे में एक महिला का पति और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका सागर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बागसेवनिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर रात तेज रफ्तार कार मिसरोद की ओर से आ रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दोनों बहनें दीपाली वर्मा (33) और शिखा वर्मा (29) बहनें थीं और कटारा हिल्स क्षेत्र की रहने वाली थीं। वहीं, घायलों में सक्षम जैन, सुयश चौहान और मनोराज शामिल हैं। शनिवार रात दोनों बहनें और उनके तीनों दोस्त पार्टी मनाने एमपी नगर के एक होटल गए थे। रात करीब 1:15 बजे जब सभी लोग कार से घर लौट रहे थे, तभी बागसेवनिया थाने के सामने यह हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक, मिसरोद की तरफ से आ रहा ट्रक जैसे ही थाने के सामने कट पाइंट से टर्न लेकर 80 फीट रोड की ओर मुड़ा, उसी समय कार तेज रफ्तार में आकर ट्रक में जा घुसी। कार की रफ्तार 100 किमी प्रतिघंटा से अधिक बताई जा रही है। इतनी तेज रफ्तार में होने के कारण ड्राइवर ट्रक को देख नहीं सका और कार सीधी ट्रक में घुस गई। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## बेवफा निकली इंदौर वाली सोनम... शिलांग में हनीमून पर पति की हत्या, 17 दिन बाद घर वालों को खुद फोन पर सुनाई कहानी

गाजीपुर, एजेंसी

इंदौर की सोनम जिसने महज 28 दिन पहले सात फेरे लिए, सिंदूर लगाया, व्रत किए और फिर 20 मई को पति राजा रघुवंशी के साथ हनीमून पर शिलांग चली गई। लेकिन वहां से जो खबर आई, उसने पूरे देश को हिला कर रख दिया। राजा की लाश गहरी खाई में मिली और सोनम लापता। अब 17 दिन बाद कहानी में आया जबरदस्त ट्विस्ट आया। सोनम जिंदा मिली, यूपी के गाजीपुर से पुलिस ने हिरासत में लिया, और खुलासे ने सभी को चौंका दिया। सूत्रों के मुताबिक सोनम का पहले से किसी और युवक से अफेयर था और उसी के चलते पति राजा की हत्या की साजिश रची गई। राजा को प्रेमजाल में फंसाकर शिलांग ले जाया गया, जहां उसे सुनियोजित तरीके से मौत के घाट उतार दिया गया।



#### सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो कॉल ने खोले कई राज

22 मई को शिलांग के एक होटल के बाहर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें सोनम और राजा स्कूटी पर आते और बैग रखते नजर आ रहे हैं। यह वही स्कूटी है जो बाद में लावारिस मिली। इसके अलावा, 23 मई को दोपहर डेढ़ बजे सोनम ने राजा की मां उमा देवी से आखिरी बार बात की थी। कॉल में सोनम ने कहा था, मां ये मुझे जंगलों में घुमा रहे हैं, झरना देखने आए हैं इसके आधे घंटे बाद फोन बंद हो गया। ऑडियो कॉल में सोनम मासूमियत से व्रत, खाने की शिकायत और सांस फूलने की बातें करती है। लेकिन अब वही सोनम हत्या की आरोपी है।

#### 11 मई को शादी, 20 से हनीमून और 23 को हत्या

राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई को इंदौर में हिंदू रीति-रिवाजों से हुई। परिवार खुश था, रिश्तेदारों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और 20 मई को दोनों शिलांग हनीमून के लिए रवाना हो गए। 22 मई को कपल नोंग्रियाट गांव के शिपारा होमस्टे में रुका। अगले दिन सुबह 6 बजे चेकआउट किया और तभी से दोनों के मोबाइल बंद हो गए। 24 मई को मवालखियत से करीब 25 किमी दूर ओसरा हिल्स की पार्किंग में स्कूटी लावारिस मिली।

#### 17 दिन बाद खुद कॉल किया सोनम ने

9 जून की सुबह 3 से 4 बजे के बीच सोनम गाजीपुर के नंदगंज इलाके में एक ढाबे पर पहुंची। वहां से उसने ढाबा संचालक का फोन लेकर अपने भाई को वीडियो कॉल की और बताया कि वह गाजीपुर में है। भाई ने तुरंत इंदौर पुलिस को सूचना दी, जिन्होंने गाजीपुर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस मौके पर पहुंची और सोनम को वन स्टॉप सेंटर में मेडिकल जांच के लिए रखा गया। जांच में कोई चोट या मारपीट का निशान नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोनम का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो शादी से पहले भी सक्रिय था। शादी के बाद भी दोनों संपर्क में रहे। सोनम ने राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

#### चार दिनों बाद मिल सकती है राहत

## उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में भीषण गर्मी-लू से हलाकान जनमानस

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को छोड़कर पूरा उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तो पारा 47.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, राज्य के कई स्थानों पर भी तापमान 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। अभी चार दिनों तक ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना है। उसके बाद दक्षिण पश्चिम मानसून के प्रभाव से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले 3 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के कई स्थानों पर 11 जून तक लू चलने की संभावना है और 09 जून को इसका असर बहुत गंभीर हो सकता है। रविवार को भी बीकानेर, बाड़मेर, चुरू, फलौदी, जैसलमेर और कोटा में 45-46 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान दर्ज किया गया।



#### मई अब तक का सबसे वर्षा वाला माह

आईएमडी ने बताया कि देश में 1901 के बाद इस साल मई का महीना सबसे अधिक वर्षा वाला महीना के रूप में दर्ज किया गया और इस महीने औसत 126.7 मिमी वर्षा हुई है।

## सत्ता में 11 साल पूरे होने पर बीजेपी शुरू करेगी संकल्प से सिद्धि तक कैंपेन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र की सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के 11 साल पूरे हो गए हैं। मोदी सरकार 3.0 के भी एक साल पूरे हो गए हैं। 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे और 9 जून 2024 को नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अगुवाई वाले एनडीए ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई थी। मोदी सरकार के 11 साल और तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर बीजेपी विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू कर रही है। बीजेपी 9 जून यानी आज से संकल्प से सिद्धि तक नाम से विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता इस जनसंपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जाएंगे। यह अभियान देशव्यापी होगा और मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही कांग्रेस सरकार की विफलताओं को भी घर-घर पहुंचकर बताने की योजना बीजेपी ने बनाई है।

#### 7.6 करोड़ आबादी खतरे में

## भारत समेत दुनिया के कई महानगर धंसने डूबने की कगार पर, समुद्री जलस्तर बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत समेत दुनिया के कई महानगरों पर तेजी से धंसने और डूबने का खतरा मंडराने लगा है। समुद्र के बढ़ते जलस्तर से जूझ रहे ये शहर तेजी से अपनी जमीन खो रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय शोध में सामने आया है कि एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के दर्जनों महानगर हर साल औसतन एक सेंटीमीटर या उससे अधिक धंस रहे हैं, जिससे करोड़ों की आबादी बाढ़, जलभराव और संरचनात्मक अस्थिरता जैसे जोखिमों की चपेट में आ गई है। भारत के मुंबई, सूरत, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद भी इस संकट में शामिल हैं, जहां लाखों लोग ऐसी जमीन पर रह रहे हैं जो हर साल नीचे जा रही है। सिंगापुर स्थित नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) के शोध में खुलासा हुआ है कि दुनिया के कई समुद्रतटीय शहर तेजी से धंस रहे हैं और यह प्रक्रिया बेहद चिंताजनक है। अध्ययन में एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका के 48 महानगरों को शामिल किया गया।



#### सूरत भी इस खतरे का सामना कर रहा

गुजरात का तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक शहर सूरत भी इसी खतरे का सामना कर रहा है। करंज जैसे क्षेत्र में जमीन 6.7 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की दर से धंस रही है। यहां करीब 41 लाख लोग प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं।

#### एक्सिओम मिशन — अंतरिक्ष में भारत की नई उड़ान की तैयारी... 15वां मानव अंतरिक्ष मिशन


## शुभांशु आज भरेंगे उड़ान, 11 को अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)

भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष की ओर एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाने जा रहे हैं। वे 10 जून 2025 को लॉन्च होंगे और 11 जून को दोपहर 12.30 बजे (ईडीटी) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ेंगे।

यह मिशन एक्स-4 (ए×-4) का हिस्सा है, जो भारत और अमेरिका के अंतरिक्ष सहयोग का प्रतीक है। शुभांशु शुक्ला का यह मिशन पहले 8 जून को शुरू होना था, लेकिन खराब मौसम और लॉन्च तैयारी में देरी के कारण इसे 10 जून के लिए पुनर्निर्धारित किया गया। नासा और स्पेसएक्स की टीमों ने मौसम की सटीक भविष्यवाणी और फाल्कन 9 रॉकेट तथा ड्रैगन यान की तैयारियों के आधार पर यह फैसला लिया। अब यह यान 10 जून को उड़ान भरेगा और 11 जून को आईएसएस से जुड़ेगा।

(शेष पेज 8 पर)



#### मिशन का महत्व

यह स्पेसएक्स द्वारा किया जाने वाला 53वां ड्रैगन मिशन होगा और 15वां मानव अंतरिक्ष मिशन। साथ ही, यह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर 48वां मिशन होगा। शुभांशु शुक्ला भारत के गगनयान मिशन के चार प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हैं और इस मिशन के जरिए वे अपने पहले अंतरिक्ष अभियान पर जा रहे हैं।

#### भारत की तैयारी और निवेश

भारत सरकार ने इस मिशन पर अब तक लगभग 548 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें शुभांशु शुक्ला और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर की अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग भी शामिल है। प्रशांत नायर भी गगनयान टीम का हिस्सा हैं। शुभांशु को स्पेसएक्स और एक्सिओम स्पेस द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे इस चुनौतीपूर्ण मिशन के लिए तैयार हैं।

#### अंतरिक्ष में होंगे भारतीय प्रयोग

आईएसएस पर पहुंचने के बाद शुभांशु सात वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिन्हें भारत के शिक्षण संस्थानों ने तैयार किया है। इनमें मुख्य रूप से जैविक अध्ययन शामिल हैं, जैसे पौधों के बीजों और मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव। इसके अलावा, नासा के साथ मिलकर वे पांच और प्रयोग करेंगे, जो मानव अनुसंधान पर केंद्रित हैं। इसरो के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुदीश बलन ने बताया कि ये सभी प्रयोग भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तावित किए गए हैं।

## मणिपुर हिंसा-नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

**चुराचांदपुर/इंफाल.** सीबीआई ने जिस मैतेई नेता को एक दिन पहले गिरफ्तार किया, वह अशेम कनन सिंह मणिपुर पुलिस में हेड कांस्टेबल था। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को बताया कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण कनन सिंह को मार्च में सस्पेंड कर दिया गया था। मैतेई संगठन अरम्बई टेंगोल (एटी) का सदस्य कनन सिंह पुलिस में रहते हुए बॉर्डर पार हथियारों की तस्करी करता था। 2023 से चल रही मणिपुर हिंसा के दौरान कनन सिंह एडिशनल एसपी अमित के घर पर हमले का मुख्य आरोपी था, जहां उनका अपहरण कर उनके साथ मारपीट की गई थी।

#### चुराचांदपुर-इंफाल में चीजों के दाम बढ़े; जिसकी गिरफ्तारी का विरोध, वह पुलिस में हेड कांस्टेबल था

#### जरूरी चीजों के दाम बढ़े

मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया- अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नगालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं, जिससे ट्रकों को लंबा रास्ता मिजोरम से होकर लेना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मझौली महाविद्यालय में बनाया जाए परीक्षा केंद्र : पंकज

**सीधी।** मझौली क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी पंकज सिंह चंदेल नेबूहा ने एक बार फिर प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली का परीक्षा केंद्र मझौली में ही बनाया जाए। जिससे आगामी सत्र की परीक्षाएं मझौली में ही संचालित हो सकें। वर्तमान में मझौली कॉलेज के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए जिला मुख्यालय सीधी जाना पड़ता है, जिससे मझौली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पंकज सिंह चंदेल ने कहा यह एक शैक्षणिक अन्याय है कि पिछले कई वर्षों से लगातार छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों के द्वारा मांग करने के बावजूद मझौली कॉलेज को परीक्षा केंद्र की मान्यता नहीं दी जा रही है। मझौली कॉलेज में पर्याप्त भवन, आधारभूत संरचना और संसाधन होने के बावजूद यहां के विद्यार्थियों को सीधी भेजा जाता है, जिससे उन्हें यात्रा, खर्च, सुरक्षा और समय की भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि इस विषय पर बीते कई वर्षों से छात्र, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी लगातार आवाज उठा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन से कई बार निवेदन किया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### चोरगड़ी मंडल में कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान की सहमति से शनिवार 7 जून को चोरगड़ी मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा द्वारा चोरगड़ी मंडल की कार्यकारणी घोषित की गयी जिसमे कपुरी गांव के समाजसेवी व युवा भाजपा नेता प्रशांत पाण्डेय छोटू को कार्यकारणी मे शामिल किया गया है, जिसकी जानकारी मिलते ही कपुरी सहित आसपास के गांवो के उनके शुभचिंतको द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है। बधाई देने वालों मे विनीत द्विवेदी, विकास पाण्डेय गुड्डा भैया, मनीष पाण्डेय, अवनीश पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय विक्कू, श्रवण पयासी, ऋषि पयासी कपुरी ग्राम पंचायत की उप सरपंच सोमू पाण्डेय सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं कार्यकारणी मे जगह मिलने पर प्रशांत पाण्डेय ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री व चुरहट विधानसभा के पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी, जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की मुझे जो जिम्मेवारी दी गयी है उसका बखूबी निर्वहन करते हुए सभी जिम्मेवारियो का पालन करूंगा।

# जान को हथेली में रखकर बिजली सुधारने को मजबूर कर्मचारी

## बिजली मेंटीनेंस के दौरान हर साल होती हैं घटनाएं

नगर संवाददाता, सतना।

बिजली विभाग मरम्मत के नाम पर लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों को भेजता है लेकिन इस मामले में कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिया जाता। सीधी जिले में पहले भी घटनाएं हो चुकी हैं इसके बाद भी प्रशासन कोई पहल नहीं कर रह है। जिससे बिजली कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर है। ट्रांसफार्मर एवं खंभों पर चढक़र लाइन ठीक करने एवं फॉल्ट दुरुस्त करने के दौरान अक्सर बिजली कर्मियों को बिना सेफ्टी किट के ही काम करते देखा जा रहा है।



देखा जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारी लगभग 20 से 25 फीट ऊंचे खंभे पर चढक़र लाइन खींचने, जोडऩे तथा अन्य प्रकार का काम करने के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं होते हैं। ऐसे में यह कर्मचारी हर रोज अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर काम कर रहे हैं। इनकी जान को खतरा बना रहता है। दरअसल जिले में मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी सीधी के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण विद्युत वितरण केन्द्र में बिजली लाइन मेंटेनेंस और आए दिन फॉल्ट सुधारने कर्मचारियों को बिजली के खंभों पर चढऩा होता है। जब कर्मचारी खंभों पर चढ़ते हैं तो हेलमेट और सेफ्टी ग्लब्स के साथ अन्य सुरक्षा उपकरण होना बेहद आवश्यक होता है। विभागीय अधिकारी खुद भी इनको उपकरण पहनने के लिए प्रेरित नहीं कर रहे हैं। इन कर्मचारियों से जब सुरक्षा उपकरणों के संबंध में बात की तो उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें तो मालूम ही नहीं करंट प्रतिरोधी मौजे भी होते हैं।

### आउटसोर्स कर्मचारियों से करा रहे विद्युत लाइन संधारण

जिले में ऐसा कोई वितरण केन्द्र नहीं है, जहां आउटसोर्स के कर्मियों से काम नहीं लिया जाता हो। देखने में आ रहा है बिजली कम्पनी का ज्यादातर काम आउटसोर्स कर्मचारी कर रहे हैं। बिगत माह मझौली क्षेत्र में विद्युत लाइन पर काम करने के दौरान एक आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो चुकी है। बावजूद इसके विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार अफसर सुरक्षा उपकरण कर्मचारियों को मुहैया कराने के प्रति गंभीर रुख नहीं अपना रहे हैं। आउटसोर्स कर्मियों को न तो लाइन ठीक करने का पर्याप्त ज्ञान होता है न ही बिजली से संबंधित अन्य जानकारी। दरअसल लाइन सुधार, रीडिंग और बिल वितरण का कार्य निजी सर्विस प्रोवाइडरों को सौपा गया है।

### नियमों की हो रही अनदेखी

नियमानुसार विद्युत लाइनों के अलावा ट्रांसफार्मर उतारने एवं चढ़ाने का कार्य पूरी तरह से प्रशिक्षित कर्मचारी से लिया जाना चाहिए। लेकिन विद्युत वितरण कंपनी अधिकारी नए मजदूरों को से ऐसे कार्य ले रहे हैं। जिनमें से कई अनुभवहीन होते हैं। नियम के अनुसार केवल प्रशिक्षित लाइनमैन को ही खंभे पर चढने के निर्देश है। आउटसोर्स कर्मचारियों की सिर्फ हेल्पर के तौर पर मदद ली जा सकती है। अक्सर नए कर्मचारियों को ही खंभों काम करते देखा जा रहा है।

# स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 25 लोगों की हुई जांच



नगर संवाददाता, सतना।

ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति एवं मिश्रा नर्सिंग होम सीधी द्वारा विगत कई वर्षो से समिति के संरक्षक एवं लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को प्रमुख स्थानो छत्रशाल स्टेडियम, पुराना बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड, भवानी मन्दिर, फूलमती मन्दिर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पुलिस ग्राउण्ड, रघुफिलिंग स्टेशन पडैनिया, मड़रिया वायपास में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति के सचिव एवं वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. अजय मिश्र द्वारा बताया गया कि मनुष्य के लिए स्वस्थ्य रहना अति आवश्यक है लेकिन आज के व्यस्तता के कारण लोग अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जॉच नही करा पाते हैं, जो आगे उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर देता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये समिति के संरक्षक एवं लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्र के निदेशानुसार सीधी शहर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में शुगर, बीपी, वजन एवं यूरिक एसिड की जांच कर चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया जाता है। 8 जून को नया बस स्टैण्ड तिराहा में आयोजित शिविर में 25 लोगो को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया हैं। रविवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रामकृष्ण मिश्रा सहायक चिकित्सक रामाश्रय पाल, सहायक चिकित्सक आनन्द मिश्रा, लैब टेक्नीशियन सूरज सिंह, आरडी राठौर आदि उपस्थित होकर स्वास्थ्य की जांच और उचित परामर्श प्रदान कियें। आगामी रविवार को सुबह 6 से 7 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेंगा।

# संस्कृत भारती की संगोष्ठी आयोजित




नगर संवाददाता, सतना।

संस्कृत भारती जिला सीधी की संगोष्ठी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.2 में सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष संस्कृतभारती सीधी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत भारती महाकोशल प्रान्त के सहसंगठन मंत्री संदीप मिश्र रहे। उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती का मुख्य उद्देश्य है। संस्कृत का प्रचार-प्रसार करना और संस्कृत-संभाषण सिखाकर इसे फिर से व्यावहारिक भाषा बनाना। जब लोगों के मन में संस्कृत के प्रति प्रेम जागेगा तो संस्कृति के प्रति भी स्वाभाविक प्रेम उत्पन्न होगा। संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत-संभाषण शिविर आयोजित किये जाते हैं। इनमें दस दिन तक प्रतिदिन दो घंटे के प्रशिक्षण द्वारा बालक-बालिकाएं संस्कृत में संभाषण करने योग्य हो जाते हैं। पत्राचार द्वारा संस्कृत अध्ययन की योजना प्रारम्भ हो चुकी है और हजारों लोग इसका लाभ ले चुके हैं। सभी संस्कृत प्रेमियों और कार्यकर्ताओं को पत्राचार में पंजीयन कर लाभ लेना आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से शिरीष तिवारी, देवदत्त मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, शुभम द्विवेदी, विकास शर्मा, पीयूष द्विवेदी उपस्थित रहे।

### निगम के 10 सेवानिवृत्ति अधिकारी कर्मचारियों को आवास खाली करने का नोटिस जारी

**बैढ़न।** निगम पालिक निगम सिंगरौली के सेवा निवृत 10 अधिकारी कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर आवास खाली करने का नोटिस नगर निगम कमिश्नर डीके शर्मा द्वारा जारी किया गया है कमिश्नर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारियों को 2 माह के अंदर अपने शासकीय आवासों को खाली कर संबंधित संस्थान को हैंड ओवर करना होता हैं , किंतु आप लोगो के द्वारा दो माह की अवधि पूर्ण होने के वावजूद भी अपना आवास खाली कर निगम को नहीं सौंपा गया है। जारी नोटिस में संबंधित उपरोक्त 10 अधिकारियों कर्मचारियों एक सप्ताह के अंदर अपने सरकारी आवासों को खाली कर निगम को हैंड ओवर करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही कहा गया है कि एक सप्ताह के अंदर आप लोगों के द्वारा अगर आवास खाली नहीं किया गया तो निगम द्वारा नियमानुसार आवास खाली करने हेतु कार्यवाही की जाएगी।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



नगर संवाददाता, सतना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रामपुर नैकिन जनपद के खैरा गांव के हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन सांसद डॉण् राजेश मिश्र की उपस्थिति में किया गया। चालीसा पाठ में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। खैरा सोन नदी के समीप स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को सुबह आयोजित हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय गायन भजन मंडली के अलावा वहां मौजूद ग्रामीणों नें भी किया। खुद सांसद डॉ. मिश्र व भाजपा नेता घंटो पाठ किया। इस दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्र नें मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यो की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दिया। उन्होंने कहा की सरकार गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं चला रही है और भारी संख्या में लोग लाभ भी पा रहे हैं। उन्होंने कहा की हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन समूचे क्षेत्र के कल्याण के लिए किया गया है। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्र के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, भानु पाण्डेय एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बढौरा-कुबरी पहुंच मार्ग में डिवाइडर की मांग



नगर संवाददाता, सतना।

नवनिर्मित प्रधानमंत्री सडक़ योजना के तहत बढौरा से लेकर पहाड़ी होते हुए कुबरी तक सडक़ बनाई गई है, लेकिन अब इस सडक़ पर डिवाइडर लगाने की मांग उठने लगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पहाड़ पर स्थित मोड़ इतने खतरनाक हैं कि बिना डिवाइडर के किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। बढौरा-कुबरी सडक़ पर डिवाइडर लगाने की मांग क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है। पहाड़ पर स्थित मोड़ इतने खतरनाक हैं कि बिना डिवाइडर के किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए डिवाइडर लगाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गाड़ी चालकों के लिए एक सुरक्षा प्रदान हो सके और बड़ी घटनाओं को रोका जा सके। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पहाड़ पर स्थित तीनों मोड़ में डिवाइडर लगाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गाड़ी चालकों के लिए एक सुरक्षा प्रदान हो सके। उनका कहना है कि अगर डिवाइडर नहीं लगाया जाएगा तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है।

# स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण नीति में संशोधन

नगर संवाददाता, सतना।

स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति-2022 की कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किये गये हैं। यह प्रशासकीय स्थानांतरण संबंधी अधिकार 7 से 16 जून की अवधि में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री को प्रत्यायोजित किये गये हैं। जिला स्तर पर स्थानांतरण की अवधि में जिला संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों, जिनमें प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (विज्ञान), सहायक शिक्षक (विज्ञान), प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला, लिपिकीय वर्ग संवर्ग तथा भृत्य संवर्ग के लोक-सेवकों का जिले के भीतर स्थानांतरण जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जायेगा। विभागीय स्थानांतरण नीति-2022 के प्रावधानों का पालन करते हुए ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से जारी किये जायेंगे। स्थानांतरण आदेश पोर्टल पर जिला कलेक्टर की लॉगिन से अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी होंगे। कोई भी आदेश ऑफलाइन जारी नहीं किया जायेगा। जिले में 10 से कम नामांकन वाली किसी भी शाला में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जायेगा।

### बीरबल लोककला महोत्सव का आयोजन 15 जून को

**सीधी।** अकबर के नवरत्नों में शुमार एवं मां चण्डिका के अनन्य भक्त उपासक बीरबल की जन्मस्थली घोघरा में माँ चण्डिका देवी मन्दिर परिसर में लोक कला महोत्सव एवं कवि सम्मेलन का आयोजन 15 जून दिन रविवार को किया जा रहा है जिसमें सुप्रसिद्ध लोक गायक एवं कवियों के लोकगीत, भजन, हास्य, व्यंग, ओज विधा के माध्यम से सुमधुर गीतों की होंगी प्रस्तुति। कार्यक्रम के आयोजक अरुणेन्द्र सिंह चौहान नें बताया कि श्री अवध सदभावना समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बीरबल की जन्मस्थली घोघरा माँ चण्डिका देवी मन्दिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विन्ध्य क्षेत्र के नामचीन लोकगायक नरेन्द्र बहादुर सिंह, अरविन्द पटेल लोकदल, सुश्री मनीषा द्विवेदी, सुश्री किरण पटेल लोकगायिका एवं क्षेत्रीय कलाकार साथियों के सुमधुर लोकगीत एवं भजन की प्रस्तुति दिनांक 15 जून दिन रविवार दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# बीमार स्वास्थ्य सिस्टम को दवा की जरूरत : विनय

नगर संवाददाता, सतना।



खड्डी अंचल के युवा समाजसेवी विनय पाण्डेय अंकुश मोहनी ने कहा कि अस्पताल मरीजों के उपचार के लिए होते हैं, लेकिन सीधी के सरकारी अस्पताल को खुद ही इलाज की जरूरत है, भीषण गर्मी के बीच जिले में बढ़ी बीमारियों के बीच अस्पताल में मरीजों के इलाज कि उचित व्यवस्था तक नहीं है, अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण मरीज फर्श पर ही लेट कर ही इलाज कराने को मजबूर हैं। वहीं फर्श पर मरीजों का इलाज होने के चलते उन्हें दूसरे मरीजों से भी इन्फैक्शन फैलने का डर सता रहा है। अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की खस्ताहाल के कारण मरीजों और परिजनों को परेशानियों की मार झेलनी पड़ रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि लगभग चार सौ बिस्तर का अस्पताल फिर भी समस्या बरकरार कहने के लिए तो सीधी जिला अस्पताल चार सौ बिस्तर का अस्पताल है, इसके बावजूद भी मरीज को बेड की सुविधा नहीं मिल रही है। जिले के ब्लॉक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित हो रहे हैं।

**बैठक** — नगर निगम की बैठक आयोजित

# अध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं की विस्तार से की समीक्षा

नगर संवाददाता, सतना।

नगर पालिक निगम सिंगरौली के परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संतोष बर्मा के उपस्थिति में आज निर्धारित समयानुसार नगरीय क्षेत्र में संचालित शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा विशेष परिषद की बैठक आयोजित कर की गई। परिषद बैठक का प्रारंभ परम्परानुसार राष्ट्रगान के साथ किया गया। तत्पश्चात शासन की योजनाओं की विस्तार से चर्चा कर हर एक विंदु की समीक्षा की गई। परिषद बैठक में शासन की कायाकल्प योजना 2.0 की पार्षदो द्वारा चर्चा कर समीक्षा की गई जिसके तहत नगरीय क्षेत्र में सड़को का रखरखाव करना, जिन वार्डो मोहल्लो में सड़क नही है,ऐसे मोहल्लो को चिन्हित कर सड़को का निर्माण कार्य कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़को कासर्वे कर उनकी मरम्मत कराने का निर्देश परिषद अध्यक्ष के द्वारा दिया गया।



परिषद में सीवर लाईन निर्माण की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि सीवर लाईन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के साथ ही सीवर लाईन डालते हुये जहा पर सड़के क्षतिग्रस्त हुई है उनका संबंधित संविदाकार द्वारा तत्काल सुधार कार्य कराया जाये ताकि मानसून के दौरान आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पायें। साथही परिषद बैठक मे संजीवनी क्लीनिको निर्माण के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया गया है नगरीय क्षेत्र के जिन वार्डो में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण प्रस्तावित है उनका निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये ताकि वहा के निवासियो को बिना किसी असुविधा के स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। साथ ही पीएम आवास के दोनो घटको की विस्तार से समीक्षा की गई। एवं निगम अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिले। परिषद बैठक के अंत में सभी को संबोधित करते हुयें नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी एक मात्र लक्ष्य नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिको को शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं, शहर के विकास कार्यो को समय पर पूर्ण कराने का होना चाहिए।

# बरगवां मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नगर संवाददाता, सतना।




भारतीय जनता पार्टी मंडल बरगवां की एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद मकरध्वज प्रताप सिंह ने की। बैठक मे जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का अभिनंदन किया तथा आगामी कार्यक्रमों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। जिलाध्यक्ष जी ने चल रहे कार्यक्रम पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि अभियान को मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक उतारने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे समस्त कार्यक्रम पूर्व निर्धारित होते हैं तथा हमे केवल पार्टी के तय मापदंडों पर उन कार्यक्रमों को सफल बनाने के विषय मे सजग रहना होता है। विधायक राजेंद्र मेश्राम ने आगामी कार्यक्रमों जैसे अंतरराष्टीय योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं आपातकाल के 50 वर्ष पर सम्पन्न होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। विधायक देवसर ने कहा कि हमे 11 वर्ष के कार्यकाल का पूरा विवरण लेकर जनता के बीच जाना है और अपनी और पिछली सरकारों का तुलनात्मक व्यौरा जनता के समक्ष रखना है। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश तिवारी, जिलामंत्री ध्रुव सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता, समेत मंडल के समस्त प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संभाग स्तरीय नज़ूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक 9 जून को

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक 9 जून को आहूत की गई है। कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.30 बजे से आयोजित बैठक में रीवा एवं सिंगरौली जिले के प्रस्तुत भूमि निवर्तन संबंधी प्रकरणों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर रीवा एवं सिंगरौली, अपर आयुक्त, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा जिला पंजीयन रीवा उपस्थित रहेंगे।

### उप्र-मप्र के अधिकारियों की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आज

**रीवा।** उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक गूगल मीट के माध्यम से 9 जून को सुबह 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोदए आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कमिश्नर कार्यालय स्थित एनआईसी से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ेंगे।

### पीठाधीश्वर राधेश्याम महराज जी की प्रथम पुण्य स्मरण तिथि आज



**रीवा।** क्षेत्र के प्रख्यात धर्माचार्य पीठाधीश्वर राधेश्यान महराज जी की आज राधेश्याम शिवकुमारी आश्रम अजगरहा में संगीतमय श्रीरामचरित मानस समाप्ति पाश्चात्य भंडारा महाप्रसादम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ऐसे विभूति राष्ट्रिय संत सभी ग्रन्थो के ज्ञाता समाज में एक तरफा सम्मान मानव के अज्ञान रूपी तन को अंतरात्मा से प्रकाश की पावन छाया में परिवर्तन करने वाले हमारे वर्तमान और भविष्य को बिगड़ना बनाने और संवारने का काम करता रहेगा। बृजेश पाण्डेय ने बताया कि पिता श्री राष्ट्रीय स्तर के संत थे इसलिए स्वामी जी की तिथियां तीर्थ राज प्रयागराज, चित्रकूट, अयोध्या धाम, वाराणसी काशी विश्व नाथ आदि धार्मिक स्थलों पर पिंड दान किया गया। एक वर्ष का जो संकल्प लिया गया था वह कल 9 जून 2025 को पूर्ण होगा। महराज जी के छोटे पुत्र बृजेश कुमार पांडेय ने बताया की राधेश्यम महराज जी के संबंध में संक्षिप्त में बताया कि पिता श्री का जन्म रीवा जिले के अजगरहा ग्राम में हुआ। इनके पिता भैयालाल पांडेय थे। इनकी माता जी का नाम मानवती देवी था।

---

शहर के वार्ड 10 के तुलसीनगर का मामला

# पीएम आवास में अतिक्रमण का डेरा, कार्रवाई के आदेश बेअसर

**रीवा, नगर संवाददाता।**




एक तरफ नगर निगम शहर की सड़कों के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है। निगम का उड़नदस्ता आये दिन कहीं न कहीं अतिक्रमण हटाता किन्तु वहीं दूसरी तरफ जहां प्रधानमंत्री आवास में जो लोग अबैध अतिक्रमण कर चुके हैं उनके खिलाफ अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। शहर के वार्ड क्रमांक 10 तुलसी नगर का ऐसा ही मामला है जहां विगत पांच वर्षो से पीएम आवास के शेडों में अबैध कब्जा जमाने एवं उसी भूमि पर अबैध निर्माण कर चुके कई अतिक्रमणकारियों के खिलाफ निगम प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बताया गया है कि इस मामले में कमलेश यादव ने दिनांक 7 जनवरी 2025 को शिकायत किया था। जिसका शिकायत क्रमांक 30474379 दर्ज किया गया था। इस शिकायत को मनमानी तरीके से बंद कर दिया जबकि शिकायतकर्ता बार-बार बताता रहा कि अतिक्रमण नहीं हटाया गया। फिर भी नगर निगम द्वारा फर्जी तरीके से शिकायत को बंद कर दिया गया। इससे समझा जा सकता है कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को नगर निगम द्वारा किस तरह से बंद कर दिया जाता है। जबकि शिकायत का आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हो पाया। ताज्जुब की बात तो यह है कि सीएम हेल्पलाईन के पोर्टल में इस आशय की टीप दी गई है कि शिकायत को शिकायतकर्ता की सहमति के आधार पर बंद कर दिया गया है। जबकि उसी पोर्टल में कई बार शिकायतकर्ता बता रहा है कि आज दिनांक तक कोई निराकरण ही नहीं किया गया। फिर किस तरह की सहमति के आधार पर शिकायत को बंद कर दिया गया? यहां सवाल यह भी संपत्ति नगर निगम की है और वह अपनी संपत्ति को ही सुरक्षित नहीं कर पा रहा है। आम जनता की तरफ से शिकायत की जाती है तब भी कार्रवाई नहीं होती।

### कार्यवाही के नाम पर जारी हुये थे पत्र

अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर निगम द्वारा केवल दो पत्र जारी हुये थे। जहां एक पत्र उन अतिक्रमणकारियों को संबोधित था जिनके द्वारा पीएम आवास के शेडों में अतिक्रमण किये हुये थे। वहीं दूसरा पत्र थाना प्रभारी विश्वविद्यालय को लिखा गया था जिसमें अतिक्रमण हटाने के लिये पुलिस बल की मांग की गई थी। किन्तु कार्रवाई केवल पत्राचार तक ही सीमित रही। पत्र क्रमांक 118/पीएमएवाई/नपानि/2022 रीवा, दिनांक 06.10.22 में अतिक्रमणकारी श्यामलाल यादव, अजय कोल, माया कोल, डमरू कोल एवं जानू कोल के माध्यम से नोटिस जारी की गई थी तीन दिन के भीतर वे अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। किन्तु किसी ने भी अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद पत्र क्रमांक 888/पीएमएवाई/नपानि/2025 रीवा दिनांक 10.2.2025 को थाना प्रभारी विश्वविद्यालय को पत्र लिखा गया था कि वार्ड क्रमांक 10 शिवनगर पानी की टंकी के पास प्रधानमंत्री आवास की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अबैध निर्माण एवं निगम द्वारा निर्मित शेडों में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे सार्वजनिक दृष्टि से एवं निगम की संपत्ति को सुरक्षित रखने अतिक्रमणकारियो को हटाया जाना आवश्यक है। अतिक्रमण हटाये जाने के लिये दिनांक 13.2.2025 की तिथि नियत है। लिहाजा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपलब्ध करवाया जाय। किन्तु नियत तिथि में न तो पुलिस बल पहुचा और न ही निगम का अमला। लिहाजा अतिक्रमण आज तक नहीं हट पाया। फिर भी फर्जी निराकरण सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में दर्ज कर दिया गया कि शिकायतकर्ता की सहमति के आधार पर शिकायत को बंद कर दिया गया है।

### प्रतिलिपि में दी गई अधिकारियों को कार्यवाही की सूचना

थाना प्रभारी विश्वविद्यालय को जारी पत्र में अतिक्रमण हटाने के संबंध में नोडल अधिकारी नगर पालिक निगम द्वारा प्रतिलिपि में कई अधिकारियों को सूचित भी किया गया था। जिन्हें प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित की गई थी उनमें महापौर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर निगम, अनुविभागीय दण्डाधिकारी हुजूर, संतोष पाण्डेय सहायक यंत्री पीएम आवास, शुभम तिवारी उपयंत्री अतिक्रमण, केशव पटेल सहायक अतिक्रमण प्रभारी जोन-×, अभिनव चतुर्वेदी सहायक यंत्री विद्युत शाखा, आशुतोष पाण्डेय वाहन प्रभारी नगर निगम आदि को प्रतिलिपि के माध्यम से सूचित किया गया था। किन्तु सूचनार्थ प्रतिलिपि केवल औपचारिकता साबित होकर रह गई। जबकि सूचना के पश्चात जि मेदार निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश के संबंध में सक्रियता एवं जि मेदारी के साथ कार्रवाई करनी चाहिये।

### निगमायुक्त की आंख में धूल झोंकने लिये जिम्मेदार कौन?

अब सवाल यह है कि सीएम हेल्पलाईन को मनमानी तरीके से बंद करने एवं अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी होने एवं तिथि सुनिश्चित होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई न होने के लिये आखिर जि मेदार कौन होगा? क्या कार्यवाही के नाम पर केवल नोटिस जारी कर देना और थाना प्रभारी को पत्र जरी कर देना किन्तु अतिक्रमण न हटाना निगमायुक्त की आंख में धूल झोंकने जैसा नहीं है? क्या निगमायुक्त सौरभ संजय सोनवणे इस मामले में अब दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई करेंगे? क्या निगम की संपत्ति पीएम आवास के 14 शेड़ों में हुये अतिक्रमण एवं किये गये अबैध निर्माण के खिलाफ निगमायुक्त कार्रवाई निकट भविष्य में करवा पायेंगे? अथवा अतिक्रमणकारियों को पीएम आवास के शेडों में अबैध काबिज होने की छूट मिली रहेगी?

---

# सोहागी हादसे के शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे सांसद



**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने गंगा दशहरा के दिन सोहागी पहाड़ में हुए दर्दनाक हादसे के पीड़ित जनों के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार के दुख में सहभागी हुए। रीवा सांसद ने मऊगंज देवतालाब विधानसभा के उमरी भमरा बहेरी में पीड़ित जनों के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की और कहा कि हम सभी लोग आपके दुख में सम्मिलित हैं।

आप सबके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आपने अपने परिजनों को खोया है, घर परिवार तबाह हो गए हैं। इस दुख की घड़ी में सभी की संवेदनाएं आपके साथ है। प्रशासन आपकी हर संभव मदद कर रहा है। आगे भी करेगा। उन्होंने पूरे परिवार का ढाढ़स बढ़ाया, बच्चों और परिजनों से मुलाकात की। वहीं घायल लोगों से मिलकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। दुर्घटना के दिन भी रीवा सांसद ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल उपचार एवं सुविधाओं की व्यवस्था की थी। साथ में भाजपा महिला मोर्चा जिला रीवा अध्यक्ष संतोष सिंह सिसोदिया मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

---

विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

**रीवा, नगर संवाददाता।**



विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत गत दिवस ग्राम माला में आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही राष्ट्रीय कृषि खेती मिशन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों व किसानों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन की योजनाओं से किसानों को अवगत कराते हुए आय में वृद्धि के संबंध में विस्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. एके पटेल, मुनीश पाण्डेय, सरल, दीपक श्रीवास्तव, ललिता साकेत, आदर्श पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, राहुल पाटीदार ने किसानों को उन्नत तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान कृषक शेष प्रताप सिंह द्वारा बोई गई ग्रीष्म कालीन मूंग का निरीक्षण कृषि वैज्ञानिकों ने किया। कार्यक्रम के उपरांत एक पेंड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत आम, बड़हर के पौधे रोपे गये। कार्यक्रम के लगभग 104 किसानों की उपस्थिति रही। इस प्रकार विकासखंड रीवा के जिला रीवा में, ग्राम पंचायत मधेपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजलक सिंह, डॉ. स्मिता सिंह, अरुण शुक्ला, डॉ. वंदना द्विवेदी विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा, साक्षी द्विवेदी, डॉ. अंजली गौतम, सरपंच एवं रोजगार सहायक शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषकों को नवीनतम किस्म, कृषि यंत्र, मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एकस्टम हायरिंग, नरवाही प्रबंध एवं सुपर सीडर के बारे में जानकारी दी गईए और कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

---

# युवा समाज के प्रेरणा स्त्रोत सर्वहारा वर्ग के नेता हैं वीरेंद्र गुप्ताः राहुल

**रीवा, नगर संवाददाता।**



रीवा जिले के वरिष्ठ समाजसेवी रीवा के पूर्व महापौर रह चुके वीरेंद्र गुप्ता वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्षके कार्यशैली कुशल नेतृत्व मिलनसार मृदु भाषी स्वभाव को लेकर युवाओं में काफी चर्चा और उत्साह का विषय इस समय बना हुआ है। श्री गुप्ता जब से भाजपा के जिला अध्यक्ष बने हैं तब से संगठन में लगातार रीवा में भाजपा को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उक्त वक्तव्य भाजपा नेता राहुल मिश्रा सिक्कू ने कहे हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में सिक्कू ने कहा है कि जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की कार्यशैली बहुत रचनात्मक और संगठन को मजबूती प्रदान करने वाली है,रीवा में समाजसेवा को लेकर अगर किसी असली प्रतिष्ठित समाजसेवी को याद किया जाता है तो उसमें वीरेन्द्र भैया का नाम प्रमुख रूप से किया जाता है। आज हम लोग भाजपा के संगठन में यदि वीरेंद्र गुप्ता के सानिध्य और निर्देशन में कार्य कर रहे है तो ये हमारे लिए व युवा वर्ग के लिए गर्व की बात है। उनके साथ काम करने में अलग ही उत्साह रहता है भाजपा कार्यकर्ता में एक अलग ऊर्जा रहती है। उनके ऊपर लोगों का समर्थन मिलता रहा तो निश्चित ही भाजपा का ग्राफ और वर्चस्व आने समय में विंध्य में और अधिक मजबूत हो जाएगा।

---

# अटल पार्क में पुलिस की गश्त,टपोरियों लगायी फटकार





**रीवा, नगर संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर सीएसपी डॉ. रितु उपाध्याय ने थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल के साथ अटल पार्क में दिनों दिनों बढ़ रहे आगंतुकों की संख्या को देखते हुए भ्रमण किया , पार्किंग व्यवस्था, आसपास लगने वाले ठेले आदि व्यवस्थित करवाए एवं टहलने आए लोगों से बात कर व्यवस्था और सुगम बनाए जाने हेतु संवाद किया, पार्क के आसपास मटरगस्ती करते असामाजिक तत्वों को खड़ेगा, साथ ही शहर के सबसे व्यस्त बाजार शिल्पी प्लाजा का भी भ्रमण किया।

---

### 1 लाख 29 हजार की नशीली सिरप जप्त

**रीवा संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग ठिकानों में दबिश देते हुये भारी मात्रा में नशीली सिरप जप्त की है। जप्त सिरप की कीमत 1 लाख 29 हजार 60 रूपये आंकी गयी है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर कबाड़ी मोहल्ला रेड कार्यवाही मसूम लोनिया उर्फ आदित्य लोनिया पिता महेन्द्र लोनिया उम्र 20 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला के अधिपत्य (कब्जे) के मकान के अन्दर से दो बोरियो मे कुल 455 शी.शी एवं एक सफेद रंग की बोरी लवारिश हालत मे मिली कुल 73 शीशिया भरी होना पाये जाने से मौके पर नशीली कफ सीरफ कुल कीमती 14235 की जप्ती किया।

---

# ट्रक में लोड़ कर 455 मवेशियों की तस्करी करते 6 आरोपी गिरफ्तार

- 226 बकरा,227 बकरी एवं 2 भेड़ों को कैद से किया मुक्त
- बिछिया पुलिस ने खड्डा टोल प्लाजा के समीप की कार्यवाही



**रीवा, नगर संवाददाता।** मवेशियों की तस्करी के लिये जा रहे एक ट्रक को बिछिया पुलिस ने पकड़ा है। तलाशी दौरान ट्रक के अंदर बकरे, बकरियों एवं भेड़ों को ठूस-ठूसकर भरा गया था। पुलिस ने वाहन से कुल 455 मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला है। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तत्संबंध में मिली जानकारी अनुसार 7 जून 25 को रात्रिगस्त दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना अन्तर्गत ग्राम खड्डा टोल प्लाजा के पास बकरा बकरी से भरा एक अदद ट्रक गुढ तरफ से आ रहा है, सूचना की तस्दीक एवं मौके की कार्यवाही हेतु पुलिस टीम के साथ रवाना होकर खड्डा टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर एक ट्रक क्र. एमपी 20 एच बी 6656 आता दिखा जिसे रोककर मौके पर गवाहो के समक्ष चेक किया गया उक्त ट्रक में क्रूरता पूर्वक काफी संख्या में ट्रक के बाड़ी के अंदर बकरा बकरियां और भेड भरे हुए थे जिन्हे उठने बैठने, हिलने-डुलने तक का पर्याप्त स्थान मौजूद नहीं था, नेशनल हाइवे रोड़ पर अत्यधिक व्यस्तता होने व मौके पर बकरियों को रोड के किनारे ट्रक से निकाल कर गिनती करने में असुविधा होने से हमराह स्टाफ व गवाहानो की मदत से बकरा बकरियो से भरे उक्त ट्रक को समीपस्थ ग्राम खजुहाकला स्थित गौशाला में ले जाकर ट्रक में लोड मवेशियों को ट्रक से उतार कर गिनती की गई जो 226 नग बकरा, 227 नग बकरियां, 02 नग भेड कुल 455 नग मवेशी क्रूरता पूर्वक ट्रक में लोड होना पाये गये जो मौके पर समक्ष गवाहान 455 नग मवेशी एवं ट्रक को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया जाकर गौशाला के कर्मचारी को अस्थाई सुपुर्दगी में दिया गया व भेड बकरियो को खाने व पानी की व्यवस्था कराई गई, बाद वापसी अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये आरोपियों मोहम्मद असलम पिता जकीर हुसैन उम्र 30 वर्ष, इंसाफ मोहम्मद पिता मरहूम दीन मोहम्मद उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी बेलहा थाना चुरहट जिला सीधी,वनस्पति यादव पिता जगन्नाथ यादव,मोहम्मद सहवाज पिता मोहम्मद मूसा उम्र 18 वर्ष एवं मोहम्मद रसीद पिता मोहम्मद जमीर उम्र 35 वर्ष तीनों निवासी सतरोही थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को गिरफ्तार करते हुये इनके खिलाफ अपराध क्र. 332/2025 धारा 11(1)(घ), 11 (1)क पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960

---

**आरोप** — कृषि विभाग की संभागीय डीपीसी बैठक का मामला

# सब आडीटर के विरुद्ध कमिश्नर से सहायक संचालक ने की शिकायत

- अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का किया अनुरोध

**रीवा, नगर संवाददाता।**




कृषि विभाग के संभागीय कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी ने कमिश्नर रीवा को पत्र लिखकर कार्यालयीन सब आडीटर आर.एन.श्रीवास्तव ( स्थापना शाखा) के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने आडीटर श्रीवास्तव पर नियमानुसार डीपीसी बैठक के पूर्व प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण नहीं करने,सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय में 30 मई को आयोजित डीपीसी ( विभागीय पदोन्नति समिति )की बैठक के संदर्भ में कमिश्नर रीवा का ध्यान आकृष्ट कराया है कि डीपीसी बैठक के संबंध में सब आडीटर श्रीवास्तव द्वारा 22 मई को नस्ती प्रस्तुत की गई।जो आदेश 21 मई को जेडीए रीवा द्वारा जारी किया जा चुका था उसको ही जारी करने के लिए नस्ती प्रस्तुत की गई थी जिसमें उनके ( सहायक संचालक )द्वारा टीप अंकित की गई कि जो आदेश जारी हो चुका है उसके संबंध में नस्ती प्रस्तुत करने का क्या औचित्य है? साथ ही नोटशीट पर जिलों से प्राप्त प्रस्तावों की तत्काल कार्यवाही पूर्ण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने संबंधी टीप अंकित की गई किन्तु शाखा प्रभारी द्वारा नियमानुसार समयसीमा में कार्यवाही नहीं की गई।शाखा प्रभारी द्वारा डीपीसी प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण न किये जाने के संबंध में संयुक्त संचालक ( कार्यालय प्रमुख) को 28 मई को उनके सिंगरौली भ्रमण दौरान मौखिक रूप से अवगत कराया गया था। शाखा प्रभारी ने मनमानी पूर्ण कार्य करते हुए जिलों से प्राप्त प्रस्तावों की अनंतिम सूची तैयार कर 30 मई को प्रातः 10.30 बजे नोटशीट में प्रस्तुत की जिसमें उनके ( सहायक संचालक )द्वारा टीप अंकित की गई कि बिना सेवा अभिलेखों के प्रस्तावों का परीक्षण संभव नहीं है।

### राज्य कर्मचारी संघ ने उठाए कार्यप्रणाली पर सवाल

विदित हो कि कृषि विभाग रीवा अंतर्गत रीवा संभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के दृष्टिगत म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ रीवा इकाई के जिला संयोजक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सहायक संचालक की भूमिका एवं कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। आरोप लगाया गया कि सदस्य सचिव के रूप में उपस्थित सहायक संचालक व स्थापना प्रभारी द्वारा सी.आर. का मतांकन एवं अन्य कार्यवाही पूर्ण न करते हुए अवरोध पैदा किया गया। फलस्वरूप डीपीसी की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जा सकी और बैठक बिना किसी निर्णय के स्थगित कर दी गई। सहायक संचालक कृषि ने कमिश्नर रीवा से की गई शिकायत में सब आडीटर पर झूठी खबर प्रकाशित करने व उनकी (सहायक संचालक) छवि धूमिल किये जाने का आरोप लगाते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने राज्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष को भी पत्र प्रेषित नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का लेख किया है।

### जेडीए ने मांगा स्पष्टीकरण

कमिश्नर रीवा से की गई शिकायत में सहायक संचालक कृषि ने बताया है कि नियमानुसार कार्यवाही न करने के लिए जेडीए रीवा द्वारा सब आडीटर श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण चाहा गया है।उन्होंने सेवा अभिलेखों के साथ मूल नस्ती में नियमानुसार प्रकरण प्रस्तुत करने की टीप अंकित करते हुए नस्ती वापस शाखा को भेज दी थी किन्तु उनके समक्ष पुनः नस्ती प्रस्तुत नहीं की गई।ऐसी स्थिति में सदस्य सचिव होने के नाते डीपीसी के प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण संभव नहीं हो सका क्योंकि 30 मई को ही 12 बजे से बैठक आयोजित होनी थी।सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी ने सब आडीटर श्रीवास्तव पर झूठी खबर प्रकाशित कराने का आरोप लगाते हुए शिकायत में लेख किया है कि श्री श्रीवास्तव ने बैठक दिनांक को अपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे।उन्होंने प्रस्तावों को अपने पास नियमविरुद्ध लंबित रखा। उनके द्वारा निर्धारित प्रपत्र में समयमान प्रस्तावों की सूची गोपनीय चरित्रावली मूल्यांकन अंकित करने के लिए नहीं सौंपी गई है जिसके संबंध में उनसे स्पष्टीकरण चाहा गया है।

संपादकीय

# चिंता नहीं, सतर्कता जरूरी

एक बार फिर कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। हालांकि, आश्वस्त किया जा रहा है कि कोरोना वायरस की यह नस्ल उतनी भयावह नहीं है, जितनी कोरोना की तीन लहरों के दौरान देखा जा चुका है। यह नस्ल संक्रामक जरूर है, तेजी से फैलती है, लेकिन अपेक्षाकृत मारक नहीं है, लिहाजा चिंता न करें, लेकिन सावधानी जरूर बरतें। अब देश में संक्रमित लोगों की संख्या 5000 को पार कर चुकी है और दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार से स्टेटस रपट तलब की है। शुक्र है कि अदालत ने सरकार को नोटिस नहीं भेजा, क्योंकि देश में सैंपल कलेक्शन और पैथ लैब को लेकर कोई मानक प्रक्रिया ही नहीं है। जांच की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते रहे हैं, क्योंकि पैथ लैब की रपटों में गहरी भिन्नता है। यह कोरोना की पूर्व लहरों के दौरान महसूस किया जा चुका है। फिलहाल केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में संक्रमण का ज्यादा प्रभाव देखा गया है। अकेले केरल में ही संक्रमित मरीजों की संख्या 2000 है। आर्थिक राजधानी मुंबई और देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। फिलहाल मौतों की संख्या 59 है और 146 करोड़ की आबादी वाले देश में यह आंकड़ा नगण्य है। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन चिकित्सकों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था? जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। 2020-22 के दौरान भी कोरोना की शुरुआत इसी तरह हुई थी। अंततः 5.3 लाख मौतें दर्ज की गईं। जो मौतें दर्ज नहीं की जा सकीं, उनका आंकड़ा भी काफी होगा! गैर-सरकारी संगठन और एजेंसियां यह संख्या 45-47 लाख मानती हैं। बहरहाल उतनी दहशत में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद का कहना है कि ज्यादातर कोरोना संक्रमण हल्के हैं। उन्होंने एलएफ-7, एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 जैसे कुछ सब-वेरिएंट की पहचान की है। उनमें एलएफ-7, एक्सएफजी और जेएन-1 सबसे सामान्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन में मुख्य वैज्ञानिक रह चुकीं सौम्या स्वामीनाथन ने भी कहा है कि यह 2020-21 के भयानक दौर की वापसी का संकेत नहीं है, लेकिन इसके मायने ये भी नहीं हैं कि इसको हल्के में लिया जाए। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिआ, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलते हैं और मौतें भी होती हैं। हमने इनसे सबक सीखे हैं। जन स्वास्थ्य मशीनरी में जहां भी कमजोर कड़ी दिखाई देती है, उसे बेनकाब किया जाता है। इन पर भी सवाल हैं। वायरस की नस्ल की पहचान करने में ही लंबा वक्त खर्च हो जाता है, संक्रमण के अनुपात में ऐसी प्रयोगशालाएं बेहद कम हैं, जिनमें पूरी तरह जांच के उपकरण हों। क्या हमने उनकी जिम्मेदारी तय की है? हमारी निगरानी प्रणालियां, स्वास्थ्य ढांचा और सामुदायिक देखभाल भी पर्याप्त नहीं हैं। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है और हम मौत के मुहाने तक पहुंच सकते हैं। बहरहाल, चिंतित होने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है।

# भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता का बेजा इस्तेमाल के लिए दोषी कौन?

कमलेश पांडे

भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका की स्वतंत्रता अक्षुण्ण रखने के लिए जजों का स्वतंत्र रहना बहुत जरूरी है। लेकिन प्रतिष्ठित पदों पर रहते हुए कतिपय जजों ने जो कुछ कारनामें किए हैं, उसके दृष्टिगत न्यायपालिका में मूलभूत बदलाव नहीं करना जनतंत्र के लिए भी अहितकर साबित हो रहा है। इसलिए यक्ष प्रश्न है कि भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का बेजा इस्तेमाल के लिए आखिर में दोषी कौन है? और उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने, करवाने में न्यायिक प्रशासन या फिर कार्यपालक प्रशासन के हाथपांव क्यों फूलने लगते हैं? यदि पुरानी बातें छोड़ भी दें तो जस्टिस जे एस वर्मा के खिलाफ जितनी मंथर गति से कार्रवाई चल रही है, वह पूरी संवैधानिक व्यवस्था के लिए गम्भीर चिंता की बात है। इससे भ्रष्टाचार के संलिप्त लोगों को बढ़ावा मिलेगा।

सुलगता सवाल है कि किसी भी मामले में जितनी ततपरता पूर्वक आम आदमी के खिलाफ कार्रवाई होती है, उतनी ही ततपरतापूर्वक कार्रवाई किसी खास आदमी के खिलाफ आखिर क्यों नहीं दिखाई देती है? क्या चोर-चोर मौसेरे भाई वाली कहावत यहां भी चरितार्थ होती है? आखिर हमारी संसद इन विषयों पर स्पष्ट और पारदर्शी कानून क्यों नहीं बनाती है? हमारे देश में संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट, यह विषय महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह चर्चा समीचीन है कि विधायिका या न्यायपालिका में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन भ्रष्ट आचरण वाले व्यक्तियों के खिलाफ आम आदमी की तरह नहीं बल्कि खास आदमी की तरह विलंबित कार्रवाई आखिर क्यों होनी चाहिए?

चूंकि विधायिका और न्यायपालिका दोनों ने अपनी सर्वोच्च स्थिति का दुरूपयोग किया है, इसलिए लोकहित या व्यवस्था हित वाले रेयर ऑफ द रेयररेस्ट मामलों में विद्वत परिषद या जनमत सर्वेक्षण के माध्यम से किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचने की वैधानिक व्यवस्था होनी चाहिए।

इस लिहाज से सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई ने मुख्य न्यायाधीश ग्रेट ब्रिटेन में वहां के सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में %न्यायिक वैधता और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के% विषय पर जो बातें कही हैं, उनपर गौर फरमाना हर प्रबुद्ध व्यक्ति के लिए लाजिमी है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि ज्यूडिशियरी में करप्शन और मिसकण्डक्ट से न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा कम होता है। इसलिए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ज्यूडिशियरी को केवल न्याय नहीं करना है, बल्कि उसे एक संस्थान के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता से सच कहने की क्षमता रखता है।

कहना न होगा कि जहां एक ओर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण स्थान है, वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र की जड़ों को खोखली करने में भी न्यायपालिका की प्रत्यक्ष/परोक्ष भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इस देश में चल रहे विभिन्न न्यायिक घटनाक्रमों का सार-सत्य कुछ ऐसा ही है, जो चिंताजनक बात है।



देखा जाए तो सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई ने अपने लहजे में न्यायपालिका की बड़ाई और शिकायत दोनों करते हुए परोक्ष रूप से न्यायाधीशों, नौकरशाहों व राजनेताओं के लिए कुछ लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश करते हुए उन्हें कतिपय नसीहतें भी दी हैं, जिन्हें समझे जाने और उसके दृष्टिगत सर्वश्रेष्ठ समाधान निकाले जाने की जरूरत है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने जजों की नियुक्ति पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि सरकार ने दो बार सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों को नजरअंदाज किया क्योंकि उस समय अंतिम निर्णय सरकार का था। यही वजह है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक नियुक्तियों में कार्यपालिका की भूमिका पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया और कहा कि इससे जजों की स्वतंत्रता पर आंच आ सकती है।

दरअसल, उक्त गोलमेज सम्मेलन में जस्टिस विक्रम नाथ, इंग्लैंड और वेल्स की लेडी चीफ जस्टिस बैरोनेस कैर और यूके के सुप्रीम कोर्ट के जज जॉर्ज लेगट की मौजूदगी में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि, %भारत में, न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच विवाद का एक मुख्य मुद्दा यह रहा है कि न्यायिक नियुक्तियों में प्राथमिकता किसकी है? उन्होंने कहा कि 1993 तक, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति में अंतिम निर्णय कार्यपालिका का होता था। यही वजह है कि उक्त अवधि के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में कार्यपालिका ने दो बार जजों के फैसले को अनदेखा किया, जो स्थापित परंपरा के विरुद्ध था।

उल्लेखनीय है कि सीजेआई पद के लिए जिन दो जजों को दरकिनार किया गया है, वे हैं जस्टिस सैयद जाफर इमाम और जस्टिस हंस राज खन्ना। जहां जस्टिस इमाम को 1964 में शीर्ष पद नहीं सौंपा जा सका था क्योंकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे और तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने जस्टिस पीबी गजेंद्रगढ़कर को यह पद सौंपा था। वहीं, न्यायमूर्ति खन्ना को 1977 में इंदिरा गांधी सरकार की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। क्योंकि जब एडीएम जबलपुर बनाम शिव कांत शुक्ला मामले में उनके असहमति वाले फैसले के कुछ महीनों बाद ही उन्हें चीफ जस्टिस का पद खोना पड़ा था। क्योंकि उस मामले में उन्होंने फैसला सुनाया था कि राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भी मौलिक अधिकारों को निलंबित नहीं किया जा सकता है। यही बात इंदिरा गांधी सरकार को नागवार गुजरी थी।

सीजेआई के मुताबिक, इसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने साल 1993 और 1998 के अपने फैसलों में जजों की नियुक्ति से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या की और स्थापित किया कि भारत के चीफ जस्टिस, चार सीनियर जजों के साथ मिलकर एक कॉलेजियम का गठन करेंगे, जो सुप्रीम कोर्ट में नियुक्तियों की सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार होगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को रद्द कर दिया था। क्योंकि इस अधिनियम ने न्यायिक नियुक्तियों में कार्यपालिका को प्राथमिकता देकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर किया है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है, लेकिन कोई भी समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं आना चाहिए।

वहीं मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गवई ने कहा कि किसी न्यायाधीश द्वारा सरकारी पद ग्रहण करना, या त्यागपत्र देकर चुनाव लड़ना नैतिक चिंताएं पैदा करता है। भारत में जजों के लिए एक निश्चित रिटायरमेंट उम्र होती है। यदि कोई जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकार के साथ कोई अन्य नियुक्ति लेता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है, तो यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताएं पैदा करता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है। क्योंकि तब लोगों को लगने लगता है कि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। उन्हें लगता है कि जज सरकार से फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कॉलेजियम सिस्टम को लेकर अक्सर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच तकरार होती आई है। इस बीच सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने अंग्रेजों की धरती से जजों की नियुक्ति को लेकर जो अहम टिप्पणी की है, उसके न्यायिक मायने तो स्पष्ट हैं, लेकिन न्यायिक भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उन्होंने क्या-क्या कदम उठाये हैं, इस पर भी गौर करना जरूरी है। हालांकि चीफ जस्टिस बीआर गवई ने नेहरू और इंदिरा गांधी का नाम लेकर कांग्रेस की गलतियों को जो याद दिलाया है, वह शायद भाजपा को खुश करने की एक सार्थक पहल हो सकती है। वहीं साथ ही साथ उन्होंने जजों को भी नसीहत देते हुए कहा है कि जजों को हर हाल में स्वतंत्र रहना चाहिए।

इसलिए बेहतर यही होगा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गवई न्यायिक जांच पुलिस कैडर का गठन करने का आदेश दें, जो न्यायपालिका के भ्रष्टाचार पर पेशेवर तौर पर नजर रखेगी और किसी भी भ्रष्टाचारी को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार करके खास जेल में डालकर विधिक कार्रवाई शुरू करेगी। आप मानें या न मानें, निचली अदालतों, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश व अधिवक्ताओं की मिलीभगत से संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे न्यायपालिका की प्रतिष्ठा गिरी है व विश्वसनीयता कम हुई है। इसे रोकने में कार्यपालिका व विधायिका की दिलचस्पी इसलिए नहीं है कि ये खुद ही महाभ्रष्ट हैं! अपवाद हरेक जगह पर हैं, लेकिन अल्पमत में, बेहद कम।

# कनाडा से मोदी को न्यौता



आदित्य कुमार चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आजादी के बाद से ही भारत की विदेश नीति दो देशों के बीच परस्पर सहयोग, सह-अस्तित्व व शान्ति की रही है। वर्तमान प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार भी पिछले 11 साल से इसी नीति पर चल रही है परन्तु इसका अर्थ कमजोरी कतई नहीं है बल्कि अपने पक्ष की मजबूती है जैसा कि हमने पाकिस्तान के सन्दर्भ में मोदी सरकार के तेवरों को देखा है। विश्व शान्ति का पक्षकार भारत हमेशा से कहता रहा है कि केवल इसी रास्ते को अपना कर दुनिया के विभिन्न देशों का विकास हो सकता है मगर इसके लिए बड़े और समृद्ध व विकसित देशों को अपना दिल बड़ा रखना होगा। इस सन्दर्भ में अगर हम जी-7 (ग्रेट सेवन) देशों के समूह पर नजर डालें तो यह अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा व इटली जैसे देशों का संगठन है। इन सभी देशों में लोकोन्मुख खुला लोकतन्त्र है और ये आर्थिक रूप से विकसित देश हैं। इनमें जापान भी शामिल है जो एशिया का अकेला देश है। पहले 2014 तक रूस भी इसमें शामिल था और समूह को जी-8 कहा जाता था परन्तु 2014 में रूस ने यूक्रेन के कब्जे वाले क्रीमिया प्रान्त को अपने में समाहित कर लिया तो इसे समूह से बर्खास्त कर दिया गया और जी-8 को जी-7 कहा जाने लगा।

जी-7 देशों का सम्मेलन हर वर्ष होता है। भारत की इसमें स्थिति एक मेहमान देश की 2005 के बाद से रही है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत की विकास करती अर्थव्यवस्था को समृद्ध देश नजरंदाज नहीं कर सकते थे। इसी वजह से 2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमन्त्री रहे स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को इसकी वार्षिक बैठकों में पांच बार बुलाया गया। यह परंपरा श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में जारी रही और 2019 से उन्हें भी हर वर्ष इसकी बैठक में बतौर मेहमान के बुलाया गया। इस वर्ष जी-7 की बैठक कनाडा में 15 से 17 जून तक हो रही है। इसमें प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी को कनाडा के नव निर्वाचित प्रधानमन्त्री श्री मार्क कार्नी ने बीते कल ही टेलीफोन करके आमन्त्रित किया है। पहले भारत में श्री मोदी के आलोचक कह रहे थे कि भारत-कनाडा के सम्बन्धों को देखते हुए इस बार श्री मोदी को जी-7 में नहीं बुलाया जा रहा है परन्तु श्री कार्नी के फोन ने सभी आलोचकों का मुंह बन्द कर दिया है और साबित किया है कि कनाडा के बारे में भारत की नीति गलत नहीं है। कनाडा के पिछले प्रधानमन्त्री श्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत के सम्बन्ध थोड़े शिथिल पड़े थे। इसकी वजह ट्रूडो का वह रुख था जो वह भारत के प्रति दिखा रहे थे। 2024 में उन्होंने भारत पर आरोप लगा दिया था कि 2023 में उनके देश के एक खालिस्तान समर्थक नागरिक की हत्या में भारत का हाथ है। इसका भारत ने पुरजोर विरोध किया था। जिसके बाद दोनों देशों के आपसी रिश्ते थोड़े ठंडे पड़ गये थे और दोनों ने एक-दूसरे के उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या कम कर दी थी। इससे पूर्व भारत-कनाडा के आपसी रिश्ते बहुत गर्मजोशी भरे रहे हैं। ये सम्बन्ध नागरिक स्तर पर बहुत ही प्रगाढ़ माने जाते हैं क्योंकि कनाडा के विकास में भारतीयों खासकर पंजाबियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। इस देश के मन्त्रिमंडल में भी पिछले दस सालों से भारतीय मूल का कोई न कोई नागरिक रहता आ रहा है। वर्तमान में इसकी विदेश मन्त्री सुश्री अनिता आनन्द हैं। उन्होंने पदभार संभालने के बाद विगत मई महीने में भारत के विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर से टेलीफोन पर वार्ता भी की थी। इसे देखते हुए कयास लगाये जा रहे थे कि श्री मोदी की कनाडा यात्रा के बारे में कुछ संकेत छोड़े गये हैं। मगर अब बीते कल ही कनाडा के प्रधानमन्त्री का फोन श्री मोदी को आ गया। अतः श्री मोदी जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने जायेंगे। सोचने वाली बात यह है कि क्या कनाडा अपने देश के आयोजन में श्री मोदी की अनुपस्थिति बर्दाश्त कर सकता था जबकि उसके देश में भारतीय मूल के नागरिकों की संख्या अच्छी-खासी हो और कनाडा की अर्थव्यवस्था में उनकी प्रमुख हिस्सेदारी हो। श्री मोदी तो 2014 में ही पहली बार प्रधानमन्त्री बन गये थे। मगर 2019 में जब जी-7 सम्मेलन फ्रांस में हुआ तो वहां के राष्ट्रपति ने श्री मोदी को बाहैसियत मेहमान देश के बुलाया और उसके बाद 2020 में जब इस समूह का सम्मेलन अमेरिका में होने जा रहा था तो वहां भी श्री मोदी आमन्त्रित थे परन्तु यह सम्मेलन कोरोना महामारी के चलते नहीं हो सका था, हालांकि तब भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुली पैरवी की थी कि जी-7 का स्वरूप बदला जाना चाहिए और इसमें भारत, द. कोरिया, आस्ट्रेलिया व रूस जैसे देशों को शामिल कर इसे जी-10 या जी-11 कहा जाना चाहिए परन्तु ट्रम्प के पिछले कार्यकाल का वह अंतिम वर्ष था।

2021 में भी कोरोना का प्रकोप रहा और श्री मोदी ने इसकी बैठक में हिस्सा वीडियो कान्फ्रेंसिंग की मार्फत लिया। 2022 में समूह की बैठक जर्मनी में हुई और श्री मोदी उसमें भाग लेने गये। 2023 में जापान व 2024 में इटली के सम्मेलनों में भी श्री मोदी को बुलाया गया परन्तु कनाडा द्वारा बतौर मेहमान देश के आस्ट्रेलिया व द. कोरिया को काफी पहले न्यौता भेज देने की वजह से भारत में मोदी के आलोचक सक्रिय हो गये थे और इसकी विदेश नीति की कटु आलोचना करने लगे थे। अब यह न्यौता स्वयं कनाडा के प्रधानमन्त्री की तरफ से आया है तो आलोचक बहाने ढूंढ रहे हैं और कह रहे कि सम्मेलन से केवल 10 दिन पहले ही क्यों न्यौता आया है। विदेश नीति के मामले में यह नजरिया सर्वथा अनुचित है।

# पर्यावरण दिवस मनाया

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

हम उत्सव धर्मी लोग हैं पूरी प्रतिबद्धता से अपना उत्सव प्रेम दिखाते हैं। सरकारें भी प्रेम उत्सवों में राजनीति के साथ शामिल होती हैं। अभी एक दिन पहले ही पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में हमने पर्यावरण पर खूब प्यार लुटाया। एक सरकार ने लाखों स्कूली बच्चों को पानी पीने के लिए स्टील की बोतलें देने की घोषणा की। सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन कर रखा है लेकिन सचमुच प्रयोग हो रहा है। अभी तक तो समझ नहीं आया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक में क्या क्या शामिल है।

हम आयोजन प्रेमी भी हैं। आयोजन के बैनर विनायल के बनाए जाते हैं, जो पीवीसी से बनता है। इसे 'पाली विनायल क्लोराइड' कहते हैं। ज़्यादा समझना चाहें तो पिघला हुआ प्लास्टिक इसमें शामिल होता है। यह कठोर मौसम में भी टिकाऊ होता है। कपड़े से सस्ता होता है। इसका रखरखाव, सफाई, पोंछना आसान है भला हम इसे कैसे छोड़ सकते हैं। इस पर छपे रंगीन आकर्षक बैनर्ज के सामने खड़े होकर भाषण दिए गए। प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग, पर्यावरण और जीवतंत्र को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की। आमजन को जागरूक करने की महत्ता पर बल दिया। पर्यावरण सरंक्षण और संवर्धन में सशक्त भूमिका निभाने की वचनबद्धता दोहराई गई।

कार्यक्रम में समझाया गया कि पर्यावरण दिवस एक तारीख नहीं बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी और जागरुकता का प्रतीक है। हमें प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूक रहना है। कार्यक्रम में विजेताओं को बड़े आकार के चैक और प्रमाण पत्र भी ऐसे ही सामग्री पर छापकर दिए गए। मुख्य अतिथि को भेंट किया गया गुलदस्ता भी नर्म चमकते प्लास्टिक में ही लिपटा हुआ रहा। जागरूकता रैली में अधिकांश बैनर और साइन बोर्ड कपड़े या कागज़ के नहीं विनाइल शीट के ही रहे। दूसरा मैटिरियल इतना बढ़िया यूजर्स फ्रेंडली नहीं होता।

पर्यावरण से निश्छल प्रेम भी तो, एक मानवीय कोमल भावना ही है लेकिन प्रकृति पोषण और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी बहुत ज़रूरी है। लघु नाटिका से भी पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया करते हैं और पर्यावरण बचाने के लिए विशाल नाटक करते रहते हैं। अबुद्धिजीवी लोग हर कहीं कूड़ा करकट फेंकते रहते हैं और बुद्धिजीवी उठवाते रहते हैं। एक बेहद संजीदा सलाह दी गई है कि ऐसे इंजेक्शन बना लिए जाएं जो कूड़ा फेंकने वालों को लगाए जाएं ताकि उन्हें कूड़ा कचरा फेंकने की आदत छूट जाए। इस इंजेक्शन को प्लास्टिक और प्लास्टिक सम्बन्धी उत्पाद बनाने वाली कम्पनियां दान कर सकती हैं और अपने विज्ञापन बजट को डेबिट कर सकती हैं।

पर्यावरण दिवस, प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुक्सान पर, बहुत ज्यादा गहरी चिंता बार बार जताने का उचित अवसर भी होता है। एक सेवानिवृत उच्च वनअधिकारी ने बताया कि पौधे लगाने की औपचारिकता निभाने के लिए अब पौधे वहीँ लगाए जा रहे हैं जहां जगह नहीं बची। असली उद्देश्य तो कम पौधे लगाकर उनके बारे ज्यादा छपवाना है पौधे बचाना नहीं। कम होते जा रहे पानी की दुनिया में यह काम मुश्किल होता जा रहा है।

इस बार नेताजी ने अपनी गाडी पौधे लाने के लिए नहीं दी कहा, पिछले साल बहुत गंदी हो गई थी। पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के बाद नेताओं ने राजनीति करने का कर्तव्य पूरा किया क्यूंकि यह उनका स्थायी कर्तव्य है।

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरे



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।



4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।' उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

# बद्रीनाथ से लौटे व्यक्ति को निकला कोरोना

### दस दिन पहले भेजी डिमांड, जांच किट के लिए मिला बजट


नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

जिले में कोरोना संक्रमण एक बार फिर से तेजी से फैलता जा रहा है। यही कारण है कि रविवार को भी एक मरीज को संक्रमण की पुष्टि हुई है। संक्रमित पिछले दिनों ही बद्रीनाथ की यात्रा से लौटा है। वहीं कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है और संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है।

संक्रमित को होम आइसोलेशन में रखा गया है, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। उधर मुरार जिला अस्पताल में जांच सुविधा शुरू किए जाने के लिए बजट मिल गया है और जल्द ही जांच सुविधा भी चालू कर दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार एमएच चौराहा निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति 29 मई को बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए गया था, जहां से वह 6 जून को वापस घर लौटा। बद्रीनाथ से लौटने के बाद से ही व्यक्ति को सर्दी-जुकाम व बुखार आ रहा था। पहले तो उसने निजी चिकित्सक को दिखाया और जब आराम नहीं मिला तो मुरार जिला अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने मरीज में कोरोना के लक्षणों को देखते हुए जांच कराई। जांच रिपोर्ट में मरीज को संक्रमण की पुष्टि हुई है। संक्रमित सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके घर पहुंची और होम आइसोलेशन कर दिया है। इसी तरह मुरार जिला अस्पताल में जांच सुविधा शुरू किए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच किटों की डिमांड भोपाल दस दिन पूर्व भेजी गई थी। इस पर भोपाल से स्वास्थ्य विभाग को जांच किटों सहित अन्य आवश्यक दवाओं के लिए चार लाख रुपए का बजट स्वीकृत कर दिया है। बजट स्वीकृत होते ही जांच किटों के लिए ऑर्डर भी लगा दिए गए हैं। इसलिए सम्भवतः तीन से चार दिन में जिला अस्पताल में भी जांच सुविधा शुरू हो जाएगी।

### घर के अन्य सदस्यों के लिए जाएंगे नमूने



संक्रमित मरीज के घर में अन्य पांच सदस्य भी हैं, जिनके सम्पर्क में वह आया है। लेकिन रविवार को अवकाश होने के कारण घर के अन्य सदस्यों के नमूने नहीं लिए जा सके। इसलिए सोमवार को घर के सभी सदस्यों के नमूने लिए जाएंगे। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम का कहना है कि घर के किसी भी सदस्या को कोई स्वास्थ्य संबंधित परेशानी नहीं है।

### होटल व्यवसायी के स्वास्थ्य में सुधार

जिले में सबसे पहले कोरोना की चपेट में आए होटल व्यवसायी के स्वास्थ्य पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम नजर रखे हुए हैं। टीम का कहना है कि व्यवसायी का स्वास्थ्य अब ठीक है और जल्द ही उसकी दोबारा जांच कराई जाएगी।

### इनका कहना है



जिला अस्पताल में जांच किटों के लिए ऑर्डर लगा दिए गए हैं। तीन से चार दिन में जांच सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

**डॉ. सचिन श्रीवास्तव**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# मोडी लिपि प्रशिक्षण प्रारंभ

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

मराठी साहित्य अकादमी म. प्र. संस्कृति परिषद भोपाल के तत्वावधान में राज कवि तांबे अभ्यास मंडल द्वारा रविवार को ब्रह्म चैतन्य उपासना केंद्र पर मोडी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ हुई। मुंबई से आये प्रशिक्षक अमोल मोहलकर, मनोज मरस्कोल्हे व ग्वालियर के रवि दाते ने मां शारदा की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन व तारिणी पुरंदरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की रूपरेखा मंडल की अध्यक्ष डॉ उमा कंपूवाले ने रखी। संचालन कुंदा जोगलेकर ने किया। प्रथम प्रशिक्षकों ने बताया की तेरहवें शतक से बीसवे शतक मध्य तक लिपि का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षकों ने देवनागरी एवं मोडी भाषा के अंतर के बारे मे बताया की मोडी मे प्रथम आड़ी रेखा खींची



जाती है,उस पर बिना कलम उठाये, बिना ब्रेक के अक्षर लिख कर वाक्य पूर्ण किया जाता है। देवनागरी के विपरीत ,मोडी के अक्षर में डंडी नीचे थोड़ी मुड़ी हुई, और गुंडी मे भराव होता है।





# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

रविवार सुबह कांग्रेस नेता के कार्यालय और मकान में अचानक लग गई। इस आग में दो बाइक, एक इलेक्ट्रिक कार सहित लाखों का माल जलकर राख हो गया। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के चावड़ी बाजार के पास स्थित जासूस महल की गली की है। गनीमत यह रही की आग लगते ही पूरा परिवार घर से बाहर निकल आया। तत्काल आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड का दस्ता गाड़ियों के साथ मौके पहुंचे।

दमकल अमले के कर्मचारियों ने कार्यालय व मकान में लगी आग पर 2 घंटे की मशक्कत के बाद पानी डालकर काबू पा लिया गया। आगजनी का करण बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

महाराज बाड़ा चावड़ी बाजार स्थित जासूस महल की गली में रहने वाले कांग्रेस नेता रमेश चौरसिया के ऑफिस और मकान में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में देखते ही देखते आग इतनी बढ़ गई कि कार्यालय और मकान के पहली मंजिल में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इस आग में दो बाइक और एक इलेक्ट्रिक कार भी जलकर राख हो गई है।आग मकान में लगे बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के चलते लगना बताई जा रही है। जिस समय आग लगी थी घर की दूसरी मंजिल पर कांग्रेस नेता के परिवार के चार सदस्य मौजूद थे, लेकिन समय रहते हुए घर से बाहर निकल आए थे, जिससे उनकी जान बच गई।

### दो बाइक और इलेक्ट्रिक कार जली



### 3 गाड़ी पानी फेंक कर पाया काबू

फायर ब्रिगेड अधिकारी सतपाल सिंह चौहान ने बताया कि कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि चावड़ी बाजार के पास एक मकान और कार्यालय में आग लग गई है। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम से तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचाई थी। जहां 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया गया। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के चलते लगी थी।

# रेड माउंटेन स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार का अड्डा

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

शहर के पॉश क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस ने देह व्यापार के अड्डे पर दबिश दी। पुलिस को अड्डे पर युवक- युवतियां कमरों में आपत्तिजनक हालत में मिले। तलाशी के दौरान पुलिस को आपत्तिजनक सामग्री और शक्तिवर्धक गोलियां भी भारी मात्रा में मिली हैं। पुलिस ने मौके से पांच युवतियों व तीन युवकों को पकड़ा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध शाखा कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि पुलिस को गोविंदपुरी में स्थित स्पा सेंटर में लम्बे समय से देह व्यापार का धंधा चलने की सूचना मिल रही थी। रविवार को अपराध शाखा की टीम ने रेड माउंटेन स्पा सेंटर पर छापा मारा। पुलिस को देखकर देह व्यापार के अड्डे पर भगदड़ मच गई। जब तक युवतियां मौके से निकल पातीं पुलिस ने कमरों में दबिश देकर पांच युवतियों को पकड़ लिया। जिस समय पुलिस ने स्पा सेंटर में दबिश दी उस समय युवक -युवतियां आपत्तिजनक हालत में थे। पुलिस ने मौके से अमित भदौरिया व सूरज चावड़िया को युवतियों के साथ रंगरेलियां मनाते रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस को कमरों की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में शक्तिवर्धक गोलियां और आपत्तिजनक सामग्री और इंजेक्शन मिले। पुलिस ने स्पा सेंटर के प्रबंधक विक्रम शर्मा को भी मौके से पकड़ लिया जिसके इशारे पर देह व्यापार का धंधा फलफूल रहा था। रेड मांउटन का मालिक विवेक उर्फ दीपक तोमर हैं। बताया गया है कि स्पा सेंटर में पकड़ी गई चार युवतियां स्थानीय हैं जबकि एक युवती बाहर की बताई गई है। पुलिस ने प्रबंधक के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की है।

### पुलिस को युवक -युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले, शक्तिवर्धक गोलियां व अन्य सामान बरामद



### कोचिंग व लायब्रेरी के नीचे चल रहा था अड्डा

जिस स्थान पर स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का अड्डा चल रहा था, उसके ऊपर कोचिंग सेंटर और लायब्रेरी बनी हुई है। बच्चों के सामने बेखौफ होकर अवैध गतिविधी संचालित की जा रही थी। क्षेत्रीय लोग काफी परेशान थे उन्होंने पुलिस से शिकायत भी की थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# जनमित्र केन्द्र में महिला कर्मचारियों में मारपीट

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

जनमित्र केंद्र में महिला कर्मचारियों के बीच जमकर लात-घूसे चल गए। महिला कंप्यूटर ऑपरेटर को महिला क्लर्क ने पहले थप्पड़ मारे, फिर मुंह और सिर पर जूती से वार कर किए। मारपीट की वजह महिला क्लर्क की कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा लोगों से बुराई करना बताया जा रहा है।

पीड़ित महिला कर्मचारी ने मारपीट की शिकायत पुलिस से की है। वीरपुर बांध स्थित कचरा फैक्ट्री के पास रहने वाली मालती पत्नी संजीव निरंजन 35 वर्ष वार्ड क्रमांक 65 के जोन-18 के जनमित्र केंद्र में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत है। नेहा राजपूत इसी केन्द्र में क्लर्क के पद पर पदस्थ है। शनिवार दोपहर के समय मालती कंप्यूटर में डेटा अपडेट कर रही थी, तभी नेहा राजपूत पीछे से आई और उस पर हमला कर दिया। मालती कुछ समझ पाती, इससे पहले ही नेहा ने उसके ऊपर लात-घूंसे से हमला करना शुरु कर दिया। अचानक हुए हमले से मालती ने जब अपने बचाव में विरोध करना चाहा, तो नेहा ने जूती उतार ली और एक बार फिर मालती के मुंह पर मारना शुरु कर दीं।

बताया गया है कि नेहा ने मालती की जमकर मारपीट कर दी। जब स्टाफ को पता चला तो उन्होंने बीच बचाव कराया। महिला कर्मचारी के साथ मारपीट की वजह नेहा की मालती द्वारा अन्य लोगों से बुराई करना बताया जा रहा है। घायल महिला ने कोतवाली थाना पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने मालती की शिकायत पर नेहा के खिलाफ धारा 296, 115 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का धरना कल

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

अघोषित व घोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्वालियर पूर्व के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की अगुवाई में कांग्रेस मंगलवार 10 जून को प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक बिजली घर मुख्यालय रोशनी घर पर धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 24 घण्टे बिजली देने और सरप्लस बिजली होने का दावा करती है, अगर ऐसा है तो 8-8 घण्टे अघोषित व घोषित बिजली कटौती क्यों की जा रही है। मेंटिनेंस के नाम पर हजारों घरों की बिजली काट दी जाती है। भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर शहर से ही बिजली मंत्री हैं और शहर में बिजली की बदतर स्थिति होना बेहद शर्मनाक है। बिजली मंत्री को अपने विभाग में कसावट लाना चाहिए, लेकिन वह पार्क में तख्त डालकर रात्रि विश्राम कर रहे हैं। जिसमें पांच हजार रुपए प्रतिदिन का तंबू, 25



पुलिस कर्मी और एसडीएम ड्यूटी दे रहे हैं। यह सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है। वे घर की छत पर भी सो सकते थे।इससे बिजली समस्या हल होने वाली नहीं है। बिजली कंपनी के अधिकारी निरकुंश होकर मनमाने ढंग से अघोषित बिजली की कटौती कर रहे हैं। इसके साथ ही लोड बढ़ोत्तरी के नाम पर वसूली और अवैध कालोनियों में 500 फीट के मकान से 35 हजार रुपए और एक हजार फीट पर 55 हजार रुपए तक लिए जा रहे हैं। बार बार मीटर बदलना यह दर्शाता है कि ऊपर लेबल पर धंधे का खेल चल रहा है।

### चहूं ओर निरंकुशता

डॉ सिकरवार ने कहा कि नगर निगम में निगमायुक्त शासन के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस शासन में ऐसा नहीं होता था। पेयजल आपूर्ति है नहीं, फिर भी रोजाना पानी देने की घोषणा कर दी गई। अब एक जुलाई से इसे बदलकर एक दिन छोड़कर पानी देने की तैयारी चल रही है। अराजकता और भ्रष्टाचार से सभी परेशान हैं। जनसुनवाई में किसी समस्या का निराकरण नहीं होता। आमजन आवेदन देकर परेशान हो चुके हैं।

# महेश नवमी सप्ताह का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

महेश नवमी की शुरुआत रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के साथ सुरु होकर सहभोज एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ इस अवसर पर मेधावी छात्रों का सम्मान हुआ उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए के किया गया रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र एवं अपर्णा डाल कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री अतुल जी माहेश्वरी महासभा कार्यकारणी सदस्य श्री एन.के. राठी जी कार्य समिति सदस्य श्री संजय माहेश्वरी जी के साथ अखिल भारतीय सदस्य श्री आशुतोष माहेश्वरी श्री नवीन डागा प्रादेशिक संयुक्त मंत्री डॉ भारती माहेश्वरी एवं प्रादेशिक



महिला मंडल समिति की श्रीमती विशाखा मिहेश्वरी जिला अध्यक्ष श्री उमेश होलानी जी सचिव श्री दीपक पेडीवाल जिला महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती सविता पेडीवाल सचिवा श्रीमती रश्मी मालू युवा मंडल अध्यक्ष अक्षय चांडक नगर अध्यक्ष श्री शैलेश माहेश्वरी सचिव श्री मनोज मालू स्थानीय महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती लता चांडक एवं सचिवा श्रीमती आरती डागा के साथ अन्य समाज सेवी श्री आर पी माहेश्वरी श्री मधुसूदन माहेश्वरी भूपेंद्र महेश्वरी मनीष लखोटिया अशोक भुराड़िया ज्ञानेंद्र महेश्वरी विष्णु गुराडिया रामअवतार माईया संजय तोषनीवाल ज्ञानेंद्र महेश्वरी विजय भुराड़िया महेंद्र महेश्वरी अभिषेक महेश्वरी आदि कई वरिष्ठ समाजसेवी मौजूद रहे।

### फरियादी से मारपीट के प्रकरण में आरोपी पर दर्ज है प्राथमिकी

# चार साल बाद पड़ोसी को गोली मारकर लिया बदला

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

शहर में लगातार गोली चलने की घटनाओं ने कानून व्यवस्था का मजाक बना दिया है। उपनगर ग्वालियर थाना पुलिस दिन में मामूली से विवाद पर दुकानदार को गोली मारने वाले नाबालिग को पकड़कर राहत सांस ले पाती कि देर रात एक बार फिर पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए हमलावरों ने पड़ोसी पर गोली चला दीं। हाथ में गोली लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। जबकि छर्रे लगने से उसकी भाभी व भतीजी भी घायल हो गईं। गोली लगने से घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दोनों हमलावर घटना के बाद से ही फरार हैं।

उपनगर ग्वालियर में अक्कड़ बाबा की बगिया लधेड़ी निवासी राजू पुत्र गेंदालाल बाथम वाहन चालक है। शनिवार रात पौने बारह बजे के करीब अपने परिवार के साथ छत पर बैठकर बातचीत कर रहा था। तभी पड़ोसी बंटी बाथम और रवि बाथम आ धमके। दोनों घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे जब अंदर से राजू ने कोई प्रतिक्रिया नहीं की तो उन्होंने दरवाजे पर लातें मारना शुरु कर दिया। हंगामा करने वालों को राजू, उसके भाई प्रेमनारायण, भाभी रेनू और भतीजी रियांशु ने छज्जे पर खड़े होकर नीचे देखा। बंटी और रवि को राजू ने समझाने का प्रयास किया तभी उन्होंने गोली चला दी। राजू के कंधे में गोली लगते ही वह छज्जे पर ही गिर पड़ा जबकि पास ही खड़ी उसकी भाभी रेनू और मासूम भतीजी दिव्यांशु के गालों पर छर्रे लगने से घायल हो गईं। बताया गया है कि राजू के साथ वर्ष 2021 में हमलावरों ने मारपीट कर दी थी उस प्रकरण में वह राजीनामा नहीं करने पर आक्रोशित थे। गोली मारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली लगने से तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके छिपने के ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन उनका सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने प्रेमनारायण पुत्र गेंदालाल बाथम की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3)109(1)3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।



### लगातार गोली चलने से बढ़ीं पुलिस की मुश्किलें

शहर में गोली चलाने वाले बेखौफ हैं यही वजह है कि जून माह में पुलिस रिकार्ड में आधा दर्जन से ज्यादा घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। लगातार हो रही गोली चलाने की घटनाओं में छुटभैया बदमाश से लेकर सूचीबद्ध गुंडे पीछे नहीं हैं। दुकानदार को जिस नाबालिग ने गोली मारी थी, टमटम खड़ी करने से रोकने के विवाद पर वजह बताई गई है। छोटे मोटे झगड़े में हथियार चलाने चलाने की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

### इनका कहना है

“पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए पड़ोसियों ने गोली चला दी थी। एक युवक गोली लगने से घायल हो गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।”

**मिर्जा आसिफ बेग**
उपनगर ग्वालियर थाना प्रभारी

# न्यूरोसर्जरी में सभी प्रकार के ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन

**ग्वालियर।** विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर रविवार को जेएएच के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ.एसएन आयंगर सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. आरएलएस सेंगर, न्यूरोसर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश शर्मा, जेएएच के अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सेना ने न्यूरोसर्जरी के सेमिनार हॉल का नाम डॉ.एसएन आयंगर के नाम करने की विधिवत घोषणा कर उसका नामकरण डॉ.एसएन आयंगर सेमिनार हॉल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरएलएस सेंगर ने डॉ.एसएन आयंगर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश शर्मा ने विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि न्यूरोसर्जरी में सभी प्रकार के ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन कुशलता से किए जाते हैं और उनके परिणाम उच्च स्तरीय हैं। कार्यक्रम में उन मरीजों को आमंत्रित किया गया था जिन्हें ब्रेन ट्यूमर हुआ था और वह यहां इलाज कराकर ठीक हो गए। इन मरीजों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रेडियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज यादव,वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ.अवधेश शुक्ला व डॉ. आनंद शर्मा, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सिंह राजपूत इस अवसर पर स्टाफ के साथ-साथ मरीजों के परिजन भी उपस्थित थे।



# ‘कनप्पा’ के टीजर में अक्षय और प्रभास को देख फैंस हुए क्रेजी...

**मुंबई।** हाल ही फिल्म ‘कनप्पा’ का टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इस फिल्म में एक-दो बल्कि कई बड़े स्टार्स हैं, जिनकी झलक देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार और प्रभास भी ‘कनप्पा’ का हिस्सा हैं और उन्हें टीजर में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लेकिन ‘कनप्पा’ के टीजर में प्रभास और अक्षय कुमार दोनों को ही पहचान पाना मुश्किल है। कनप्पा में विशाल मंचू लीड रोल में हैं और वह भगवान शिव के भक्त बने हैं। टीजर में उनका लुक एकदम हैरान कर देने वाला है। वहीं अक्क्ष्य कुमार और प्रभास के माथे व आंखों वाले हिस्से को टीजर में दिखाया गया है। ‘कनप्पा’ के टीजर में वायुलिंगम को चुराने के प्रयासों की कहानी बताई गई है।

लाइफ Style

# किआरा
## एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था।

अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह ‘बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं’।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें क्रू मेंबर बोलती नजर आ रही है कि, जब मेरे साथियों ने कियारा को काजू और बादाम दिए तो उन्होंने बहुत ही बेरहमी से इनकार कर दिया और उनसे अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वो उन्हें काजू दे सकें। इस इंटरव्यू में केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे बहुत अच्छी हैं।



हॉलीवुड मसाला




# ‘हाउस ऑफ...’ सीजन-2 रिलीज...

लॉस एंजिलिस। मशहूर सीरीज ‘हाउस ऑफ द ड्रैगन’ सीजन 2 का प्रीमियर रविवार से शुरू हो गया। इस सीजन में हाउस ऑफ ड्रैगन्स के दूसरे सीजन के साथ ही ड्रैगन्स की कहानी फिर से शुरू होगी। दरअसल, दो साल के अंतराल के बाद एचबीओ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के लिए दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए वापस आ गई है। दूसरे सीजन का पहला एपिसोड रविवार को रिलीज किया गया।



# सोनाक्षी की वेडिंग में उपस्थित रहेंगे पिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वीडियो के मुताबिक शादी के फंक्शन्स मुंबई में होंगे और परिवार ने इसके लिए 23 जून की तारीख मुकम्मल की है। फिल्ममेकर और सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी सिन्हा परिवार के क्लोज हैं और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वो इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। पहलाज निहलानी ने उन अफवाहों का भी खंडन किया जिनमें बताया जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा उनकी बेटी की जहीर इकबाल के साथ शादी का हिस्सा नहीं बनेंगे। खुद को सोनाक्षी सिन्हा का ‘मामा’ कहने वाले प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने बातचीत में कहा कि उनकी मौजूदगी के बिना शादी होगी ही नहीं।



# ‘बॉर्डर-2’ नहीं, ‘सूर्या’ की करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सनी देओल ने साल 2023 में ‘गदर 2’ से जबरदस्त कमबैक किया। इस फिल्म ने देश में 525.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जबकि वर्ल्डवाइड 686 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। सीक्वल फिल्म की सफलता को देखकर अब जहां सनी की ‘बॉर्डर 2’ की रिलीज की चर्चा जोर-शोर से हो रही है, वहीं खबर है कि इस फिल्म से पहले वह अपनी क्राइम-थ्रलिर ‘सूर्या’ की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते गुरुवार को ‘बॉर्डर 2’ की रिलीज डेट का ऐलान हुआ है और यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होनी है। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल 2022 में शुरू हुई अपनी फिल्म ‘सूर्या’ को पहले पूरा करने में जुट गए हैं। सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में ‘लाहौर 1947’ भी है।



# कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते

**लॉस एंजिलिस।** सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सिको में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके ‘तब और अब’ का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि ‘कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।’ अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं। सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह ‘एच एंड एम’ ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं।

टीवी मसाला



# ‘द ग्रेट इंडियन...’ नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**मुंबई।** टीवी पर कई साल तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नजर आ रहे हैं। उनका नया शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ को मिला-जुला रिएक्शन मिला है। इस शो में अब तक रणबीर कपूर से लेकर बॉबी देओल, आमिर खान और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब चूंकि शो का पहला सीजन खत्म होने की कगार पर है, ऐसे में इसके दूसरे सीजन को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कपिल शर्मा ने ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ के दूसरे सीजन को लेकर कहा, ‘ये ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का पहला सीजन शानदार रहा है। इसमें कई चीजें पहली बार हुई हैं और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हम दुनियाभर से मिल रहे प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं। इस शो के लिए नेटफ्लिक्स के साथ काम करना काफी तसल्ली भरा अनुभव रहा और इसी के साथ हम वादा करते हैं कि हम अपने दर्शकों को अगले सीजन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाएंगे।’

## दीपिका कर सकती हैं टीवी पर वापसी

**मुंबई।** ‘ससुराल सिमर का’ से फेमस एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ पर्दे से लंबे समय से गायब हैं। उन्होंने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी की। हालांकि



उसके बाद काम किया लेकिन बाद में घर बैठ गईं और अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। शोएब तो इंडस्ट्री में काम करते रहे लेकिन दीपिका ने सब बंद कर दिया। लेकिन लोग हमेशा यही पूछते कि वह पर्दे पर कब वापसी कर रही हैं, जिसका जवाब अब शोएब ने दिया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब वाले सेशन में शोएब इब्राहिम ने अपने चाहने वालों की जिज्ञासाओं को शांत किया है। एक यूजर ने उनसे ये सवाल किया, ‘दीपिका मैम क्यों टीवी इंडस्ट्री में वापस नहीं आ रही हैं?’ इस पर शोएब ने नहीं, बल्कि दीपिका कक्कड़ ने खुद ही जवाब दिया। साथ ही चुटकी भी ली। दीपिका ने कहा, ‘सिर्फ इसलिए क्योंकि इस वक्त मेरा मन नहीं है। इसका कोई कारण नहीं है। लाइफ में हर स्टेज पर आप कोई चीज तय करते हो और मेरी तरफ से मेरा पूरा फोकस और कमिटमेंट जहां है वो रूहान की तरफ है।’

# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना ‘ब्रोकन ‘ट्रीहाउस’



**मुंबई।** ‘गदर’ जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना ‘ब्रोकन ट्रीहाउस’ रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना ‘ब्रोकन ट्रीहाउस’ रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की ‘जेएनयू’ का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली




सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।

# शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज



**मुंबई।** क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

फिट से हिट का फार्मूला

# फिल्मों के लिए स्टार्स ने किया गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन...

*मुंबई। कार्तिक आर्यन की फिल्म ‘चंदू चैंपियन’ सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने फिल्म के लिए 18 किलो वजन कम किया। इसके लिए कार्तिक आर्यन ने चीनी खाना तक छोड़ दिया था। आइए जानते हैं उन एक्टर्स के बारे में जिन्होंने फिल्मों के लिए हैरान करने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।*



**फरहान अख्तर :** साल 2013 में आई फिल्म ‘भाग मिल्खा भाग’ के लिए फरहान अख्तर ने एथलीट जैसी बॉडी बनाने के लिए तगड़ी मेहनत की थी। उन्होंने इस फिल्म के लिए पहले वेट को बढ़ाया था। उसके बाद, उन्होंने फिल्म में 15 किलो तक वजन घटाया था।



**विद्या बालन :** विद्या बालन ने अपनी फिल्म द डर्टी पिक्चर के लिए 12 किलो वजन बढ़ाया था। ‘द डर्टी पिक्चर’ में साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सिल्क स्मिता की कहानी दिखाई थी।



**करीना कपूर:** साल 2008 में फिल्म ‘टशन’ आई थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर ने लगभग 20 किलो वजन घटाया था। इस फिल्म के बाद ‘जीरो फिगर’ टर्म चर्चा में आया था।



**भूमि पेडनेकर :** साल 2015 में आई फिल्म ‘दम लगा के हईशा’ के लिए भूमी पेडनेकर ने अपना वजन बढ़ाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्होंने 27 किलो वजन बढ़ाया था। फिल्म में उनका वजन 92 किलोग्राम था।



**आमिर खान :** आमिर खान की फिल्म ‘दंगल’ को दर्शकों से बहुत प्यार मिला था। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान ने 25 किलो वजन बढ़ाया था। वहीं, बाद में फिल्म में कुछ हिस्सों के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा ने फिल्म ‘वीर सावरकर’ के लिए एक्सट्रीम बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया था। इस फिल्म से पहले रणदीप ने ‘सरबजीत’ फिल्म के लिए एक्सट्रीम वेट लॉस किया था। उन्होंने फिल्म के लिए 28 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था।

# अल्लू की ‘पुष्पा 2’ की रिलीज टली...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई ‘पुष्पाः द राइज’ की दूसरी किस्त ‘पुष्पाः द रूल’ को लेकर सुर्खियां में हैं। ‘पुष्पा’ ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें ‘पुष्पा 2’ का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए ‘पुष्पा 2’ की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ‘पुष्पा 2’ अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, ‘पुष्पा 2’ में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।



### दूसरा अनौपचारिक टेस्ट : तीसरा दिन

# राहुल और ईश्वरन के अर्धशतक से इंडिया ए ने मैच पर बनाई पकड़



**नॉर्थैम्प्टन**

केएल राहुल (51) और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 61) की बदौलत इंडिया ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस को 327 के स्कोर पर समेट कर दूसरी पारी में खराब रोशनी के कारण मैच रोके जाने के समय तक तीन विकेट पर 137 रन बनान के साथ कुल 158 रनों की बढ़त हासिल कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट यशस्वी जायसवाल (पांच) के रूप में गवां दिया। इसके बाद कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने केएल राहुल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई। 22वें ओवर में इंडिया ए का दूसरा विकेट केएल राहुल (51) के रूप में गिरा। इसके बाद करुण नायर 15 रन बनाकर आउट हुये।

खबर लिखे जाने तक इंडिया ने 27.5 ओवर में खराब रोशनी के कारण मैच रोके जाने तक तीन विकेट पर 137 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 158 रनों की हो गई है। इंग्लैंड लायंस की ओर से क्रिस वोक्स,जॉर्ज हिल और एडवर्ड जैक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड लायंस ने कल के तीन विकेट पर 192 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खलील अहमद ने जॉर्डन कॉक्स (45) को आउट कर इंडिया ए को चौथी सफलता दिलाई। खलील का अगला शिकार जेम्स रू (10) बने। इसके बाद उन्होंने जॉर्ज हिल (शून्य) और क्रिस वोक्स (पांच) को आउट कर इंग्लैंड लायंस को झकझोर दिया। हालांकि पिछल्ले बल्लेबाजों ने इंडिया ए के गेंदबाजों को उलझाये रखा। मैक्स होल्डेन (सात) को तुषार ने आउट किया। फरहान अहमद (24) को नितीश कुमार रेड्डी ने आउट किया। 76वें ओवर की पांचवीं गेंद पर काम्बोज ने एडवर्ड जैक (16) को बोल्ड कर इंग्लैंड लायंस की पारी का 327 के स्कोर पर अंत किया। जॉश टंग (36) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया ए की ओर से खलील अहमद ने चार विकेट लिये। अंशुल काम्बोज और तुषार देशपांड़े को दो-दो विकेट मिले। तनुष कोटियान और नितीश कुमार रेड्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## लालतेन कुसाले और इलावेनिल की दमदार वापसी, भारतीय दल की अगुवाई करेंगे

**म्यूनिख**

वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे ISSF विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी. हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं। महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंग।

पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा।

### जूनियर महिला हॉकी

# भारत की बेल्जियम पर 3-2 से संघर्षपूर्ण जीत



**एंटवर्प**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत की गीता यादव ने 11वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने 25वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के 34वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली।

भारत की सोनम ने 40वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को बराबरी का मौका नहीं दिया और जीत हासिल की।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को बेल्जियम से भिड़ेगी।

# पाकिस्तान टीम में फिर होगा बड़ा बदलाव! आगा को सौंपी जा सकती है तीनों फॉर्मेट की कप्तानी

**कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी नेशनल टीम में बड़े बदलाव की तैयारी में है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड सलमान अली आगा को तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो वह टेस्ट टीम की कप्तानी में शान मसूद की जगह लेंगे।

सिर्फ कप्तानी में बदलाव ही नहीं पीसीबी एक नई पर्यवेक्षक समिति बनाने का भी विचार कर रहा है। इसका काम नेशनल टीम समेत देश के क्रिकेट से जुड़े हर घटनाक्रम पर पैनी नजर रखना और बोर्ड अध्यक्ष को सिफारिशें भेजना होगा। पाकिस्तान टीम पिछले कुछ सालों से बदलाव के दौर से गुजर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इस समिति के गठन को लेकर पूर्व कप्तान सरफराज अहमद और पूर्व तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त को लाहौर बुलाया गया है। दोनों को समिति में अहम जिम्मेदारी देने की पेशकश की गई है। माना जा रहा है कि कुछ और पूर्व क्रिकेटर भी इस पैनल में शामिल किए जा सकते हैं।

### टीम को मिला नया कोच

इसी के साथ पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और नए व्हाइट बॉल हेड कोच माइक हेसन अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर नेशनल सेलेक्शन कमिटी की भूमिका को भी नए सिरे से परिभाषित करने पर विचार कर रहे हैं। चर्चा है कि या तो मौजूदा सेलेक्शन कमिटी में बदलाव किए जाएंगे, या फिर एक नई चयन प्रणाली लाई जाएगी, जो घरेलू और जूनियर क्रिकेट से टैलेंट खोजने पर खास फोकस करेगी।

### सभी पदों पर होगी काबिल लोगों की नियुक्ति

सूत्रों ने बताया कि मोहसिन नकवी चाहते हैं कि हर पद पर सही व्यक्ति नियुक्त किया जाए और कोच-कप्तान को टीम चयन में पूरी स्वतंत्रता दी जाए। फिलहाल सलमान अली आगा पाकिस्तान के टी-20 कप्तान हैं, लेकिन अब उन्हें तीनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी देने की योजना है। वहीं, बोर्ड टेस्ट फॉर्मेट के लिए नए कोच की नियुक्ति के साथ तीनों फॉर्मेट का एक कप्तान बनाने पर भी विचार कर रहा है।

## यशस्वी जायसवाल का फॉर्म चिंता का विषय

**लंदन**

भारतीय टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है, जिसमें टीम इंडिया के युवा बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का फॉर्म काफी अहम रहने वाला है। यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 अनऔपचारिक टेस्ट मुकाबले में खेलने का मौका मिला। यशस्वी इन दोनों ही मैचों की कुल चार पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाने में कामयाब हो सके, जिससे टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले उनके फॉर्म को लेकर टीम इंडिया की टेंशन जरूर बढ़ गई है।

### महिला क्रिकेटः तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मुकाबला

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 61 रनों से हराकर श्रृंखला 3-0 से जीती



**टॉन्टन**

सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने 27, कप्तान शमेन कैंपबेल ने 18 रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन 11 रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिये। केट क्रॉस, लॉरैन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मुकाबले को 21-21 ओवरों का कर दिया गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने मात्र 10.5 ओवरों में एक विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से जीत लिया। इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली ने 21 गेंदों में 26 रनों की पारी खेली। कप्तान नेट सायबर ब्रंट 33 गेंदों में नाबाद 57 और ऐलिस कैप्सी 11 गेंदों में नाबाद 20 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से एकमात्र विकेट करिश्मा रामहैरक को मिला।

21 रन देकर तीन विकेट लेने वाली सेरा ग्लेन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 251 रन बनाने वाली एमी जोंस को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया है।

# आदिल रशीद ने फेंका टी-20 में दूसरा सबसे महंगा ओवर

### वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर ने बनाये 31 रन, दोनों मिलकर जड़ दिये 5 छक्के

**ब्रिस्टल**

इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे महंगा ओवर डालने का रिकॉर्ड स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है। 2007 विश्व कप में युवराज सिंह ने ब्रॉड के ओवर में 6 छक्के मारे थे। अब इंग्लैंड के दूसरा सबसे महंगा ओवर डालने का रिकॉर्ड आदिल रशीद के नाम दर्ज हो गया है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का दूसरा मुकाबला ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड पर हुआ।



### रशीद के ओवर में 5 छक्के पड़े

इंग्लैंड के लिए इस मुकाबले में आदिल रशीद ने 19वां ओवर डाला। क्रीज पर रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर क्रीज पर थे। पहली गेंद पर होल्डर ने डीप स्क्वायर लेग पर छक्का मारा। अगली गेंद पर उन्होंने गेंद को लॉन्ग ऑन बाउंड्री के बाहर छक्के के लिए भेजा। इसकी अगली पर होल्डर ने एक और छक्का मार दिया। लगातार तीन गेंद पर तीन छक्के मारने के बाद उन्होंने सिंगल लिया।अब रोमारियो शेफर्ड स्ट्राइक पर आ गए। आईपीएल में आरसीबी के लिए विस्फोटक बैटिंग करने वाले शेफर्ड ने 5वीं गेंद पर सामने की तरफ छक्का मारा। ओवर की आखिरी गेंद पर भी शेफर्ड ने जोरदार बल्ला घुमाया और इसपर भी उन्हें छक्का मिला।

### इंग्लैंड के लिए सबसे महंगा ओवर टी-20 इंटरनेशनल में

**36 रन–** स्टुअर्ट ब्रॉड वि भारत
**31 रन–** आदिल रशीद वि वेस्टइंडीज
**30 रन–** सैम करन वि वेस्टइंडीज
**30 रन-** सैम करन वि ऑस्ट्रेलिया
**30 रन–** लियाम लिविंगस्टोन वि वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। जॉनसन चार्ल्स के बल्ले से 47 रनों की पारी निकली। रोवमैन पावेल ने 15 गेंद पर 35 रन बनाए। होल्डर के बल्ले से नाबाद 29 रनों की पारी सिर्फ 9 गेंद पर निकली। ल्यूक वुड ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। आदिल रशीद के 4 ओवर में 59 रन बने। जवाब में खेलते हुए बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खराब रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर (47) के रूप में गिरा।

### नेशंस लीग 2024-25

## एम्बाप्पे ने रचा इतिहास, जर्मनी को हराकर फ्रांस तीसरे स्थान पर रहा



**स्टटगार्ट**

यूरोपीय फुटबॉल में एक और ऐतिहासिक लम्हा जुड़ गया, जब स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे ने नेशंस लीग 2024-25 के तीसरे स्थान के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ गोल दागकर फ्रांस के लिए 50 या उससे अधिक गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। यह मुकाबला रविवार को जर्मनी और फ्रांस के बीच खेला गया, जिसमें एम्बाप्पे ने शानदार फॉर्म में रहते हुए अपनी टीम के लिए पहला गोल किया और इसी के साथ उनका फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के लिए कुल गोलों का आंकड़ा 50 पार कर गया। किलियन एम्बाप्पे से पहले ये उपलब्धि सिर्फ दो खिलाड़ियों के नाम थी, थिएरी हेनरी (51 गोल) और ओलिवियर जिरू (57 गोल)।

### फ्रांस तीसरे स्थान पर

कप्तान किलियन एमबाप्पे और माइकल ओलिस के गोलों की बदौलत फ्रांस ने रविवार को स्टटगार्ट में जर्मनी पर 2-0 से जीत हासिल की, इस सफलता का मतलब है कि वे इस सीज़न के नेशंस लीग में तीसरे स्थान पर हैं।

## रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की हुई सगाई

**लखनऊ**

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की लखनऊ के सेंट्रम होटल में सगाई हुई। क्रिकेट और राजनीति की कई प्रमुख हस्तियां इस समारोह में शामिल हुईं। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिम्पल यादव, जया बच्चन और प्रवीण कुमार शामिल रहे।

### प्रिया सरोज की आंखों से छलके आंसू

रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने सगाई के लिए एक साथ स्टेज पर एंट्री ली। रिंकू उनका हाथ पकड़े हुए नजर आए। इसी बीच प्रिया के पिता तूफानी सरोज व्यवस्थाओं को देख रहे थे और मेहमानों का स्वागत कर रहे थे। तभी रिंकू ने उनके पैर छू लिए। वहीं जब रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गई और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से सांसद हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में मछलीशहर सीट से जीत दर्ज की थी ।

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड पहुंचने के साथ शुरू की ट्रेनिंग, बॉलर्स ने जमकर बहाया पसीना



**लंदन**

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम 20 जून से इंग्लैंड के दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। टेस्ट स्क्वाड के लिए घोषित की गई भारतीय टीम के कुछ प्लेयर्स जहां पहले ही इंडिया-ए के साथ इंग्लैंड पहुंच गए थे, तो वहीं बाकी के प्लेयर्स जिसमें कप्तान गिल भी शामिल थे वह 6 जून को लंदन पहुंचे, जिसके बाद टीम इंडिया के प्लेयर्स ने 7 जून से टेस्ट सीरीज के लिए ट्रेनिंग भी शुरू कर दी।

### लॉर्ड्स के इंडोर ट्रेनिंग सेंटर में किया टीम इंडिया ने अभ्यास

6 जून को लंदन पहुंचने के बाद भारतीय टीम के प्लेयर्स ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के इंडोर ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास करने के साथ स्टेडियम के पीछे बने प्रैक्टिस मैदान पर भी जमकर पसीना बहाया। भारतीय प्लेयर्स ने जहां पहले रनिंग की तो वहीं इसके बाद उन्होंने फील्डिंग का अभ्यास किया। इस दौरान टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह काफी देर तक बॉलिंग कोच मोर्नी मोर्कल के साथ बातचीत करते हुए नजर आए। टीम इंडिया के लिए इस दौरे पर बुमराह का प्रदर्शन काफी अहम रहने वाला है, जिसमें वह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे। बुमराह के अलावा भारतीय टीम के पास मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के रूप में तेज गेंदबाज इस दौरे पर मौजूद होंगे।

### ऋषभ पंत हासिल कर सकते हैं बड़ी उपलब्धि

अगर पंत इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हैं तो इंग्लैंड के खिलाफ विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन सकते हैं। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो महेंद्र सिंह धोनी शीर्ष पर हैं। जिन्होंने 23 पारियों में आठ अर्धशतकों की मदद से 778 रन बनाए। वहीं, दूसरे पायदान पर ऑस्ट्रेलिया के रोड मार्श हैं जिन्होंने 35 पारियों में 773 रन बनाए। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के जॉन वेट (684 रन), चौथे पर ऑस्ट्रेलिया के इयान हिली (624 रन) और पांचवें स्थान पर वेस्टइंडीज के जेफ डुजोन (604 रन) हैं। पंत इंग्लैंड के खिलाफ विदेशी धरती पर टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। 17 पारियों में उन्होंने 32.70 के औसत से 556 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक और इतने ही शतक शामिल हैं। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 23 पारियों में आठ अर्धशतकों की मदद से 778 रन बनाए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर फारुख इंजीनियर है। उन्होंने 17 पारियों में चार अर्धशतकों की सहायता से 563 रन बनाए।



## अन्नू रानी, रोहित यादव ने भाला फेंक में जीते स्वर्ण पदक

**ताइपे**

दो बार की ओलंपियन अन्नू रानी और रोहित यादव ने चीनी ताइपे में ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के दूसरे दिन रविवार को अपनी-अपनी भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ भारत ने आज 10 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन छह स्वर्ण भी जीते थे, जिससे उनके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई। इन पदकों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है। भारतीय दल ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो स्वर्ण पदक जीते। एशियन गेम्स की चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की हैटराबेज लेकामलागे ने 56.62 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता और चीनी ताइपे की पिन-ह्सुन चू 53.03 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले रोहित यादव ने चुनौतीपूर्ण मौसम का सामना करते हुए भारत को दिन का पहला पदक जिताया।

# इरानी और पाओलिनी तथा ग्रैनोलर्स और जेबालोस की जोड़ी ने जीते खिताब

**पेरिस**

इटली की सारा इरानी और स्पेन की जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी ने महिला वर्ग में तथा स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन युगल के खिताब अपने नाम किये। दूसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और पाओलिनी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान की अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक की गैर-वरीयता प्राप्त सर्बिया की जोड़ी को दो घंटे 15 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-1 से हराकर महिला युगल खिताब अपने नाम किया। वही पुरुष युगल वर्ग में पाँचवीं वरीयता प्राप्त ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की जोड़ी को 6-0, 6-7(5), 7-5 से हराकर रोलांड गैरोस का खिताब जीता।

# सांची डेयरी की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए स्वतंत्र समिति बनाएं

## जीतू पटवारी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में सांची ब्रांड को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपने के बाद की स्थितियों पर चिंता जाहिर की है। पटवारी ने लिखा कि भोपाल में पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की थी कि मप्र देश के कुल दुग्ध उत्पादन में अपना योगदान बढ़ाकर 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाएगा। आपने राज्य सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन खेद की बात है कि मप्र सरकार ने खुद को केवल एक हवाई लक्ष्य तक ही सीमित रखा है। जमीनी हकीकत इससे ठीक उलट है।

मप्र के दुग्ध उत्पादकों की आत्मा रही सांची डेयरी को एनडीडीबी में विलीन कर देने के 100 दिन बाद ही यह स्पष्ट हो गया है कि यह निर्णय न किसानों के हित में है, न ही उपभोक्ताओं के। इसके दुष्परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। दुग्ध संकलन और दुग्ध समितियों की संख्या में कमी आई है। सांची के प्रति सरकारी उपेक्षा का सीधा लाभ निजी डेयरी कंपनियों को मिल रहा हैं। उन्होंने सांची डेयरी की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए समिति गठित करने, सभी जिलों में सांची पार्लरों की लंबित फाइलों को निपटाने के निर्देश देने का आग्रह किया है।

## पटवारी सांची को बदनाम करने की साजिश न करें

**भोपाल (रासं)।** जीतू पटवारी झूठ के झुनझुने को बजाकर सांची को बदनाम करने की साजिश न करें। सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हर ग्राम पंचायत में दुग्ध कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को दूध बेचने में सीधी सुविधा मिल रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान के बाद भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने अपने एक्स हैंडल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुग्ध समितियों की संख्या में वृद्धि के साथ उनकी प्रोसेसिंग क्षमता को भी मजबूत किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक दूध का समुचित उपयोग हो सके। श्वेत क्रांति मिशन के तहत 2500 करोड़ के निवेश से हर जिले में मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट और चिलिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी भाजपा

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

भाजपा सोमवार से 'संकल्प से सिद्धि तक' जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता प्रदेशभर में जाकर केंद्र की मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे। साथ ही कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की भी जानकारी घर-घर दी जाएगी।

### भाजपा का 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान आज से

इस अभियान के दौरान भाजपा मोर्चा और प्रकोष्ठों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, ताकि सरकार की योजनाएं और नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। पार्टी स्तर पर रणनीति तय की गई है कि 10 और 11 जून को जिला स्तर पर प्रेस वाताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें मीडिया के माध्यम से लोगों तक सरकार की उपलब्धियों का संदेश जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक मंडल में 'भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया जाएगा। 15 से 20 जून के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत मंडल स्तर पर योग शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरुकता बढ़े। भाजपा इस अभियान को वैचारिक दृष्टिकोण से भी मजबूती देना चाहती है। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती का आयोजन कर पार्टी अपने वैचारिक स्तंभों को जन-जन तक ले जाएगी। वहीं, 25 जून को आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़े सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा।

इस अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए पार्टी ने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की जिम्मेदारी संभाग और जिला स्तर पर तय की है। भाजपा का लक्ष्य है कि जनता तक सरकार के कार्यों की सीधी जानकारी पहुंचे और 2024 लोकसभा चुनाव के बाद अब पार्टी 2029 की तैयारी के लिए फिर से जनविश्वास मजबूत करे।

## मिशन कर्मयोगी में 43 हजार कर्मचारी पंजीकृत

**भोपाल (प्रसं)।** राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी की अवधारणा और कार्य-प्रणाली को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने क्षमता निर्माण नीति तैयार की है। इस नीति में प्रत्येक विभाग के बजट में मिशन कर्मयोगी के लिए बजट का एक प्रतिशत आरक्षित किया गया है।

इस व्यवस्था से कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए आवश्यक संसाधन सुनिश्चित हो रहे हैं। यह व्यवस्था संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में भी लागू की गई है। मिशन कर्मयोगी डिजिटल पोर्टल पर अब तक 43 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया जा चुका है। ये कुल कर्मचारियों का लगभग 70 प्रतिशत है।

**डीपी पर खुद को लिख रखा था एडीजी** | **महिला के नाम से किया गया था वीडियो कॉल**

# अश्लील वीडियो भेजकर ब्लेकमेलिंग की कोशिश, पुलिस ने राजस्थान के ठग को पकड़ा

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



राजस्थान के एक ठग ने वीडियोकॉल के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर शमशाबाद निवासी व्यक्ति को भेजा तथा पैसे ऐंठने की कोशिश की। आरोपी ने अपनी फेसबुक की डीपी पर खुद को पुलिस के बड़े अधिकारी के रूप में एडीजी लिख रखा था। घटना की गुनगा पुलिस ने बारह घंटे के भीतर ही आरोपी को दबोच लिया। गुनगा थाना प्रभारी एचएस वर्मा ने बताया कि फरियादी असलम खान मंसूरी उम्र ४९ वर्ष निवासी ग्राम बरुआ खार, थाना शमशाबाद, जिला विदिशा, ने थाना गुनगा में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई कि ७ जून को सुबह लगभग ११:४५ बजे, जब वह ईद के अवसर पर भोपाल जा रहा था, तभी उसकी फेसबुक आईडी पर निशा जैन नामक प्रोफाइल से मैसेज व बाद में वीडियो कॉल आया। वीडियो कॉल रिसीव करने पर एक अज्ञात युवती अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई दी। कुछ सेकंड बाद कॉल काटने पर उसे उसी आईडी से एक वीडियो क्लिप भेजी गई, जिसमें स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसे फंसाने की कोशिश की गई। फिर आरोपी ने ब्लैकमेल करते हुए पैसों की मांग की और क्यूआर कोड भेजकर २,००० मांगे। फरियादी ने डरकर ४९० ट्रांसफर किए, लेकिन धमकियां जारी रहीं। बाद में एक अन्य व्हाट्सएप नंबर ६२६७९९७१५० से च्एडीजी गौरव मल्होत्राज नाम और पुलिस अधिकारी की प्रोफाइल फोटो के साथ मैसेज आए, जिससे फरियादी डर गण्या।



### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाई शुरू की। तकनीकी जांच के आधार पर थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम हर्राखेड़ा में दबिश दी, जहाँ एक संदिग्ध भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया, जिसने अपना नाम इरशाद खान पिता मौज खान उम्र १ वर्ष निवासी ग्राम छतरपुर, तहसील गोविंदगढ़, जिला अलवर (राजस्थान) बताया। पूछताछ व तलाशी में उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह योजनाबद्ध तरीके से अश्लील वीडियो कॉलिंग द्वारा ब्लैकमेलिंग कर फाइनेंशियल फ्रॉड कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**शादी में शामिल होने आया था आरोपी:** थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है। वह गुनगा इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। शादी के बाद वह यहीं पर रुक गया। उसकी योजना थी कि वह दो-तीन सिम यहां से खरीदकर ले जाएगा तथा वापस जाकर साइबर फ्रॉड करेगा। फरियादी ने जब शिकायत की तो पुलिस ने तुरंत ही वाट्सएप नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन ली। लोकेशन हर्राखेड़ा में मिलते ही उसे दबोच लिया गया।

## शादी का वादा कर दुष्कर्म, गर्भपात की दवा खाते ही बिगड़ी युवती की तबियत

### इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी दोस्ती, अस्पताल में चल रहा पीड़िता का इलाज



**भोपाल।** सोशल मीडिया पर दोस्ती के के बाद नजदीकियां बढ़ाते हुए युवक ने शादी का झांसा देते हुए युवती का शारीरिक शोषण किया। युवती जब गर्भवती हुई तो युवक ने संबंध खत्म कर दिया। इधर युवती ने गर्भपात की दवा खा ली। दवा खाते ही युवती की तबियत बिगड़ गई तो उेस अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि २१ वर्षीय पीड़िता कोलार इलाके में रहती है। वह प्राइवेट नौकरी करती है। वर्ष २०२ में वह इंस्टाग्राम के जरिए चिराग सिंह नाम के युवक के संपर्क में आई थी। इंस्टाग्राम पर चैटिंग के बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया और कॉल पर बात होने लगी। १८ फरवरी २०२ में चिराग ने युवती को मिलने बुलाया और हबीबगंज स्टेशन के करीब एक ओयो होटल में ले गया। यहां उसने लडक़ी से जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर जल्द शादी करने का झांसा दे दिया।

### दो साल किया शारीरिक शोषण

बाद में आरोपी युवती को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। पिछले दिनों युवती गर्भवती हो गई उसने यह बात चिराग को बताई तो उसने बातचीत बंद कर दी। परेशान होकर पीड़िता ने स्वयं गर्भपात का फैसला लिया। इसके लिए उसने एक दवा खाई जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जहां उसका इलाज जारी है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। युवती को केवल आरोपी का नाम और मोबाइल नंबर मालूम है। वह स्वयं को चूना भट्टी का रहने वाला बताता था। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

**मिसरोद इलाके में हुआ हादसा, पुलिस ने जब्त की गाड़ी**

# बीएसएफ अधिकारी की गाड़ी ने बाइकसवार युवक को कुचला

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



नर्मदापुरम रोड पर रविवार की सुबह बीएसएफ अधिकारी की कार ने एक बाइसवार को पीछे से टक्कर मार दी। घायल युवक को पास के ही निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार में मौजूद व्यक्ति कार को वहीं पर छोडक़र चला गया। पुलिस ने कार को थाने में खड़ा कर लिया है। मिसरोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्षीय नंदकिशोर नामदेव सेमरा गेट अशोका गार्डन में रहता था। वह दर्जी का काम करता था। शनिवार को वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मंडीदीप गया था। रविवार की सुबह वह घर वापस आने के लिए अपनी बाइक से निकला था। उसके साथ दूसरी बाइक पर उसका भाई व साढ़ू भाई चल रहा था। तीनों मिसरोद इलाके में काली मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने नंदकिशोर की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर गंभीर रूप से घायल हुआ था। भाई और साढ़ू भाई उसे तुरंत ही पास के सागर अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा अपनी जांच शुरू की।

### कार में मिली बीएसएफ की वर्दी

मिसरोद थाना प्रभारी मनीषराज सिंह भदौरिया ने बताया कि टक्कर मारने के बाद घबराए कार चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन एक पत्थर से टकराने के बाद कार रुक गई। को में जो व्यक्ति सवार था वह कार को छोडक़र भाग निकला है। कार से पुलिस को बीएसएफ की वर्दी मिली है जिसमें दो स्टार लगे हैं। इस तरह से यह माना जा रहा है कि गाड़ी बीएसएफ अधिकारी की है।

**कोई जनहानि नहीं, शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका**



# गोविंदपुरा स्थित फैक्ट्री में लगी आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

राजधानी भोपाल स्थित औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा क्षेत्र में एक फैक्ट्री में भीषण आगलगी जिसके चलते आसपास अफरा-तफरी का माहौल रहा। जानकारी के मुताबिक इंडस्ट्रीज एरिया एच सेक्टर आदर्श नगर में करीब शाम 7 बजे पु_I फैक्ट्री में आग लगी जिसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर भोपाल के अलग अलग स्थानों से फायर दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान फैक्ट्री के आस पास बनी है झुग्गियां भी फैक्ट्री की आग की चपेट में आ गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौजूद कर रहे आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पुलिस बल भी मौजूद रहा। आग की लपटे काफी दूर से ही दिखाई दे रही थी ऐस में फैक्ट्री के आसपास लोागें की भी? लग गई। ऐसे में मौके पर मौजूद पुलिस बल ने लोगो को वहां से हटाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की माने तो औद्योगिक क्षेत्र का एक हिस्सा अशोका गार्डन से सटा हुआ है। आग श्रीजी पैकेजिंग बेरोल लेबरेटरी मे लगी है। इसके मालिक वेद प्रकाश गोयल है जिन्हें इसकी सूचना दी गई और वे भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक इस फैक्ट्री में पेपर के पुठ्ठे बनते हैंर। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग का कारण अज्ञात कारण अज्ञात है लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है। राहत की बात यह है कि इस दौरान किसी प्रकार की कोई जनहानी नहीं हुई।

**आरोपी जेल में, परिजनों ने दफना दिया था शव**

# युवती की संदिग्ध हालत में मौत, युवक ने किया था दुष्कर्म

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

ऐशबाग इलाके में एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पूर्व में उसने युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था जो कि अब जेल में हैं। इधर युवती ने 2 मार्च को टायलेट क्लीनर पी लिया था। इसके बाद उसकी तबियत कई दिनों तक खराब रही। 6 मई को उसकी मौत हो गई थी लेकिन घर वालों ने पुलिस को सूचना देने के बजाए उसके शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। पुलिस को जानकारी मिली तो पुलिस ने मर्ग कायम किया तथा उसके शव को कब्र से निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया। मिली जानकारी के अनुसार 18 साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती थी। गत 2 मार्च को उसने टायलेट क्लीनर पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछताछ की तो पता चला कि दो साल से उसके साथ इलाके में रहने वाला एक युवक शादी का प्रलोभन दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो सहित दैहिक शोषण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया और वह अभी जेल में है। इधर टायलेट क्लीनर पीने के बाद युवती की जान तो बच गई? थी, लेकिन उसकी तबीयत ठीक नहीं रहती थी। उसे अक्सर पेट की समस्या होती थी। परिजन उसका इलाज करा रहे थे। गत दिनों उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। 6 मई को परिजन ने उसे सुपूर्द ए खाक कर दिया।

## 43 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पंजीकृत

भोपाल। प्रदेश में राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी की अवधारणा और कार्य-प्रणाली को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने क्षमता निर्माण नीति तैयार की है। इस नीति में प्रत्येक विभाग के बजट में मिशन कर्मयोगी के लिये बजट का एक प्रतिशत आरक्षित किया गया है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिये आवश्यक संसाधन सुनिश्चित हो रहे हैं। यह व्यवस्था संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में भी लागू की गयी है। मिशन कर्मयोगी डिजिटल पोर्टल पर अब तक 43 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया जा चुका है। ये कुल कर्मचारियों का लगभग 70 प्रतिशत है। संचालनालय के 8816 प्रतिभागी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं, जिनमें से 6843 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है। विभाग द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से 4 ई-लर्निंग मॉड्यूल निर्मित किये गये हैं।

**सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट 10 को, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल**

# नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के छोटे किसान बनेंगे बिजली उत्पादक: राकेश शुक्ल

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव सरकार अब छोटे किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादक बनाने जा रही है। देश के अन्य राज्यों के मुकाबले में प्रदेश सरकार का किसानों के लिए एक अभिनव प्रयोग है। जो नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को एक नई पहचान देगा, इसके लिए सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट की शुरुआत की गई है। 10 जून को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 10 बजे समिट शुरू होगी जो शाम 6 बजे तक चलेगी। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। 300 लोगों ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, इसमें राज्य के साथ बाहर से भी निवेशक आ रहे हैं।

### छोटे किसान भी अब बिजली उत्पादन करेंगे

मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के माध्यम से प्रदेश के छोटे किसान अब बिजली उत्पादक बनेंगे। इसमें निवेशकों से भी सहयोग लिया जाएगा लेकिन हमारी सरकार की मूल भावना है कि नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से किसान सस्ती बिजली का उत्पादन करें उसका उपयोग भी करें और बेचे भी। मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन की 100 प्रतिशत क्षमता तक की सौर परियोजनाओं को स्थापित करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इस योजना से वोकलफार लोकल के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। शासन के साथ 25 वर्षों तक का विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। मंत्री शुक्ला ने बताया कि किसान को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो सके। साथ ही उसकी जीवन शैली व्यवस्थित हो सके। इस योजना का उद्देश्य है।

### मप्र पहला राज्य होगा जो कृषि फीडर्स को सौर ऊर्जा से कनेक्ट करने जा रहा: मनु श्रीवास्तव

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना समिट को लेकर एसीएस मनु श्रीवास्तव ने कहा, देश में एमपी पहला राज्य है जो कृषि फीडर्स को सौर ऊर्जा से कनेक्ट करने जा रहा है। यह राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसके लिए कैबिनेट ने फैसला लिया था। तकनीकी तौर पर अच्छा प्रोजेक्ट है। किसानों को दिन में सबसे सस्ती बिजली मिलेगी। केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार ने शुरू की योजना केंद्र सरकार की कुसुम सी योजना के साथ राज्य सरकार ने योजना शुरू की है। राज्य सरकार की योजना बिना सब्सिडी के लिए है। योजना में सब्सिडी का प्रावधान है। निवेशकों को इससे फायदा होगा छोटे निवेशकों को भी लाभ मिलेगा।

**स्वास्थ्य शिविर और मधुमेह की जांच भी हुई**

# विहिप और नमो ने 60 बस्तियों में लगाए स्वास्थ्य शिविर, 10 हजार लोगों को दी सेवाएं

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



विश्व हिंदू परिषद एवं नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन (नमो) ने भोपाल महानगर की 60 सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग भोपाल शहर की 60 से बस्तियों में संस्कार शाला संचालित करता है, जिनमें सेवा बस्तियों के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य किया जाता है, उसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन ने स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ भोपाल की चिन्हित सेवा बस्तियों में एक ही दिन एवं एक ही समय पर 60 स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया। स्वास्थ्य शिविर अयोध्या नगर, कोकता, ईश्वर नगर, कोलार, अन्ना नगर, पिपलानी, छोला, चान्दबड़, सेमरा, कबाडख़ाना, दानापानी, जाटखेड़ी गांधी नगर, कोहफिजा, आनंदनगर, भानपुर क्षेत्र की सेवा बस्तियों में आयोजित किया गया। शिविर में 10, 000 से अधिक लोगों को दवाई एवं 3 हजार से अधिक लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई है। साथ ही स्वास्थ विभाग की टीम ने 2000 से अधिक लोगों के के आयुष्मान कार्ड एवं आशा कार्ड भी बनाए। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह जी पवार, नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अश्वनी टंडन, डॉ मनीषा श्रीवास्तव निदेशक भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, क्षेत्र सेवा प्रमुख राकेश अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह, प्रांत मंत्री राजेश जैन, प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी, प्रांत मातृ शक्ति संयोजिका अनिता सिकरवार, डॉ कुलदीप गुप्ता, प्रांत सह सेवा प्रमुख राजेश साहू, शम्मी हरीश दीदी सहित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी, विभाग जिलों के कार्यकर्ता एवं 60 चिकित्सकों की टीम ने सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में अपनी सेवाएं दीं।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक **अभिषेक जोशी** द्वारा लक्की ऑफसेट 267 प्रगति नगर शहंशाह गार्डन भोपाल (म.प्र.) मुद्रित एवं म.नं. ई-100/22 शिवाजी नगर भोपाल मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक : **अभिषेक जोशी** (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।)